सोशल मीडिया से जुड़ें
Parivehan_Vishesh

www.newsparivahan.com

# परिवहन विशेष

RNI No :- DELHIN/2023/86499
DCP Licensing Number : F.2 (P-2) Press/2023

वर्ष 03, अंक 155, नई दिल्ली, गुरुवार 07 अगस्त 2025, मूल्य ₹ 5, पेज 8

देश का पहला ट्रांसपोर्ट दैनिक समाचार पत्र

आज का सुविचार

अगर मेहनत को आदत बना लिया जाए तो कामयाबी मुकद्दर बन जाती है।

03 सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम
06 भारत के शीर्ष स्कूल बोर्डों में अंग्रेजी को अलग तरह से...
08 जल्द ही 1635 नए राजस्व गांवों की सीमाएं बदली जाएंगी, राजस्व विभाग ने जारी की एसओपी

# सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी

## जाने कैसे दिल्ली परिवहन आयुक्त के अति प्रिय बाहरी राज्यों में पंजीकृत वाहन स्क्रैप डीलरो द्वारा अपने राज्य और भारत सरकार के पास कंप्लायंस रिपोर्ट तक जमा नहीं करवाई

No. RT-23013/1/2022-T-Part(1)
**Government of India**
**Ministry of Road Transport and Highways**
**Transport Section**
Transport Bhawan, 1, Parliament Street, New Delhi – 110001

11th July 2025

To

1. Additional Chief Secretary/ Principal Secretary/ Secretary (Transport) of all States/UTs.
2. Transport Commissioners of all States/UTs.
3. Owners/Operators of concerned RVSFs as per Annexures.

**Subject**: Non-Compliance of RVSFs to MoRTH and CPCB guidelines-reg.

Sir/Madam,

I am directed to state that the Ministry of Road Transport and Highways (MoRTH) introduced the Voluntary Vehicle-Fleet Modernization Program (V-VMP) or 'Vehicle Scrapping Policy' which is aimed at creating an eco-system to phase out unfit and polluting vehicles. A network of Registered Vehicle Scrapping Facilities (RVSFs) are being setup to scrap vehicles in an environmentally friendly manner. The ministry has notified the Motor Vehicles (Registration and Functions of Vehicle Scrapping Facility) Rules, 2021 vide GSR 653 (E) dt. 23.09.2021 (further amended by GSR 695 (E) dt. 13.09.2022 and GSR 212 (E) dt. 15.03.2024).

2. RVSFs are required to generate Certificates of Deposit (CDs) and Certificates of Vehicle Scrapping (CVS) as a proof of vehicle scrapped by them. As per Vahan, the **number of CVSs generated is substantially lower than number of CDs**. Non-issuance of CVSs by RVSFs is against the objectives envisaged in the Vehicle Scrapping Policy and non-compliant to Rule 11 of GSR 653 (E) and its further amendments. A list of RVSFs who has scrapped more than 500 vehicles but have **more than 20% gap in CVS generation in-comparison with CDs generated** has been attached in **Annexure 1**.

3. For **Government owned vehicles** procured through e-auctions from MSTC and GeM portal for scrapping, there is a large gap in number of vehicles purchased in auctions for scrapping and **number of CDs generated** by RVSFs, which is a mandatory requirement. A list of RVSFs who has procured more than 500 vehicles via auction but have more than **20% gap in CD generation in-comparison with procured vehicles** through auctions has been attached in **Annexure 2**.

4. As per Rule 14 of the Motor Vehicles (Registration and Functions of Vehicle Scrapping Facility) Rules, 2021, RVSFs are required to conduct audits in every financial year and submit the **audit reports in NSWS portal by 31st May** (within two months of completion of financial year). It has been noted that a large number of RVSFs have failed to submit the audit reports for the financial year 2024-25. All such RVSFs are requested to **submit the audit reports immediately** on the NSWS portal.

5. Additionally, it has also been brought to MoRTH's notice that some **RVSFs across the States** are non-compliant to CPCB guidelines of "Environmentally Sound Management of ELVs" (eg. selling engines recovered from the scrapped vehicles, scrapping procured Govt. vehicles through e-auctions at local scrappers). Such practices pose a challenge to successful implementation of the policy.

6. Further, it has also been highlighted that RVSFs are issuing the CDs without digitally signing them. This makes the CD unable to be traded or utilised, thus, rendering the individual unable to avail the incentives under the policy. Thus, all **RVSFs are requested to ensure that all the CDs issued so far and to be issued in future may be digitally signed** to avoid further non-compliance.

7. Based on the aforementioned gaps in the compliance, some RVSFs are being suspended from the MSTC and GeM auction access with immediate effect (Refer **Annexure 3** for a consolidated list). The concerned State Registering Authorities are also requested to take action on these RVSFs as deemed necessary. The e-auction access will only be reinstated after submitting satisfactory proofs that RVSFs are compliant with MoRTH notified rules and CPCB guidelines.

Yours faithfully,

(Yatender Kumar)
Under Secretary to the Govt. of India
Email: us.transport@gov.in
Tel: 011-23739028

**Annexure 2**

**RVSFs with more than 20% gap in CD generation in-comparison to procured vehicles**

| RVSF State | RVSF Name (Vscrap) | Difference (Procured vs CDs) | Audit Status |
|---|---|---|---|
| UTTAR PRADESH | Simran Recyclings Private Limited | 24% | No Audit |
| UTTAR PRADESH | GLOBAL VEHICLE WASTE MANAGEMENT LLP | 24% | No Audit |
| KARNATAKA | SUHAS AUTOMOTIVE PRIVATE LIMITED | 29% | Audit submitted |
| HARYANA | SCRAP VEHICLE ELV INDIA PRIVATE LIMITED | 30% | Audit submitted |
| UTTAR PRADESH | BHARAT WASTE MANAGEMENT | 31% | No Audit |
| PUNJAB | Bless Green Steel Pvt Ltd | 37% | No Audit |
| UTTAR PRADESH | National Enterprises | 42% | No Audit |
| MAHARASHTRA | B M MOTORS PVT LTD | 44% | No Audit |
| HARYANA | CHUNK RECYCLING INDIA PRIVATE LIMITED | 48% | Audit submitted |
| HARYANA | ORISSA STEELMETALIKS PVT LTD | 48% | No Audit |
| MADHYA PRADESH | Shivam Disposal | 50% | No Audit |
| ANDHRA PRADESH | Hindustan Recycling Hub | 50% | No Audit |
| GUJARAT | Shuchaye Recyclers Private Limited | 51% | No Audit |
| MAHARASHTRA | BHAGYALAXMI ROLLING MILL PVT LTD | 51% | No Audit |
| UTTAR PRADESH | SEVEN STAR AUTO SCRAPING INDIA PRIVATE LIMITED | 51% | No Audit |
| CHANDIGARH | Select Technical Services | 53% | No Audit |
| UTTAR PRADESH | SARAL AUTO SCRAPING INDIA PVT LTD | 55% | No Audit |
| RAJASTHAN | WORTECH ENGINEERS PRIVATE LIMITED | 65% | No Audit |
| | TATA INTERNATIONAL | | |
| MAHARASHTRA | VEHICLE APPLICATIONS PVT LTD | 66% | Audit submitted |
| MADHYA PRADESH | Kakda Stone Crusher | 68% | No Audit |
| UTTAR PRADESH | GRAND GLOBAL JUNKYARD AND RECYCLING LLP | 75% | No Audit |
| HARYANA | RE SUSTAINABILITY AND RECYCLING PRIVATE LIMITED | 76% | No Audit |
| MAHARASHTRA | BHOSALE AUTOMOTIVE | 79% | No Audit |
| HARYANA | SG JUNKYARD AND RECYCLING LLP | 83% | No Audit |
| MAHARASHTRA | Re Vahaan Recyclers Private Limited | 85% | No Audit |
| MAHARASHTRA | Automotive Manufacturers Private Limited | 98% | No Audit |

**Annexure 3**

**RVSFs proposed to be debarred from Govt. vehicle auctions**

| State | RVSF Name | Audit |
|---|---|---|
| ANDHRA PRADESH | Hindustan Recycling Hub | No |
| GUJARAT | Shuchaye Recyclers Private Limited | No |
| HARYANA | SG JUNKYARD AND RECYCLING LLP | No |
| MAHARASHTRA | BHAGYALAXMI ROLLING MILL PVT LTD | No |
| MAHARASHTRA | Automotive Manufacturers Private Limited | No |
| RAJASTHAN | WORTECH ENGINEERS PRIVATE LIMITED | Yes |
| UTTAR PRADESH | SARAL AUTO SCRAPING INDIA PVT LTD | No |
| UTTAR PRADESH | Simran Recyclings Private Limited | No |
| UTTAR PRADESH | GRAND GLOBAL JUNKYARD AND RECYCLING LLP | No |




# डीटीसी कॉन्टैक्ट कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश



डीटीसी कर्मचारीयो की सैलरी जुलाई माह 2025 की रोक दी गई है, इसका एकमात्र कारण यही है, की कांटेक्ट के कर्मचारियों को सैलरी में देरी करके उलझा दिया जाए, और कर्मचारी केवल अपनी मासिक सैलरी के लिए रोता रहे, अपने हक बेसिक प्लस DA के लिए आवाज ना उठाएं, सरकार कोई भी हो सब की नीति और नियत एक ही रहती है, कि गरीबों को गरीब बना कर रखा जाए, और उसको किसी न किसी समस्या में उलझा कर, गरीब का शोषण किया जाए, क्योंकि सैलरी मिलना, या उसमें देरी होना, यह आम बात है, लेकिन जहां चार इंजन की सरकार हो एमसीडी से लेकर केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, लेफ्टिनेंट गवर्नर, सब एक ही विचारधारा के और एक ही बस के चार पहिए हो, जो की एक ही इंजन के साथ चलने वाले हो, वहां पर किसी भी कार्य में या सैलरी मिलने में देरी कैसे हो सकती है, यह केवल दिल्ली सरकार का कांटेक्ट कर्मचारियों को किसी न किसी समस्या में उलझाने का एक षड्यंत्र है, सैलरी में देरी करना, लेकिन अबकी बार कर्मचारी सचेत हो जाए, और अपने हक की आवाज और अधिक जोर शोर से उठाएं, साथियों अबकी बार कुछ भी हो जाए कर्मचारी पीछे हटने वाला नहीं है, कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी इस बार अपना हक लेकर ही रहेगा बेसिक प्लस DA, आखिर कब तक यह सरकारे बदलती रहेंगी, और गरीब को गरीब बना कर रखेगी और शोषण करते रहेंगे, सभी सरकारों की नियत एक जैसी है, यह कर्मचारी ने इस बार बीजेपी को बहुमत में लाकर देख लिया है, कर्मचारी नीचे से लेकर ऊपर तक सरकार के हर मंत्री मुख्यमंत्री और,अधिकारी से मिलकर अपनी समस्या उन तक पहुंचा चुका है, लेकिन दिल्ली सरकार के हर मंत्री और अधिकारी द्वारा हमारी समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है, साथियों इस बार पीछे नहीं हटना है, और झुकना नहीं है, अपनी आवाज और अधिक तेजी से उठानी है, सोशल मीडिया हो या मंत्री अधिकारियों से पर्सनल मिलना हो, अपनी समस्याओं को लेकर, लेकिन इस बार पीछे नहीं हटना है, इस बार कांटेक्ट कर्मचारी अपना हक लेकर रहेगा, कर्मचारी में इतनी ताकत है, यदि सरकार बना सकता है तो अपना हक भी ले सकता है।

*(धन्यवाद साथियों)*




# फ्लाई ऐश आपूर्ति व परिवहन में घोटालों की श्रृंखला – NHAI व पावर प्लांट अधिकारियों की सांठगांठ उजागर - सुचना का अधिकार -2005 में विभाग की अप्रत्याशीत चुप्पी

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा देशभर में बुनियादी ढांचे के विकास हेतु एन टी पी सी व अन्य पावर प्लांट्स से प्राप्त फ्लाई ऐश (Fly Ash) के उपयोग को बढ़ावा देने की नीति के बावजूद, इस प्रक्रिया में गहरे भ्रष्टाचार और संगठित घोटाले सामने आ रहे हैं।

विशेष रूप से ओड़िशा, झारखण्ड, बिहार व छतीसगढ़ में विशेष जाँच व आंकड़े मिलान की आवश्यकता है

सुचना के अधिकार द्वारा पता चला है कि:

फ्लाई ऐश की आपूर्ति और परिवहन का ठेका मनमाने ढंग से चहेती कंपनियों को चहेति मूल्य पर दिया जा रहा है, जिनके पास न तो पर्याप्त अनुभव है और न ही लॉजिस्टिक संसाधन।

NHAI और पावर प्लांट अधिकारियों की मिलीभगत से कागजों पर फर्जी बिलिंग, ओवर रेटिंग, और फर्जी दूरी दिखाकर करोड़ों रूपये प्रती प्रोजेक्टस के भुगतान कराए जा रहे हैं।

वास्तविक परिवहन में लगे ट्रकों / हाइवा की संख्या बहुत कम है, जबकि रिकॉर्ड में दर्ज ट्रिप्स और टन भार कई गुना ज्यादा दर्शाया गया है।

इस भ्रष्ट व्यवस्था के चलते सरकारी राजस्व को भारी व अप्रत्याशीत नुकसान और दूसरी ओर ईमानदार ट्रांसपोर्टरों को काम से वंचित किया जा रहा है।

कई क्षेत्रों में सड़क निर्माण के नाम पर फ्लाई ऐश का अवैध डंपिंग भी किया गया, जिससे पर्यावरणीय संकट और स्थानीय जनता में रोष उत्पन्न हुआ है।




इस प्रकरण में हमारी मांग है कि-

1. NHAI के फ्लाई ऐश आपूर्ति व परिवहन से संबंधित सभी टेंडरों, भुगतान और परिवहन लॉग सह स्थानीय टोलगेटों से संलिप्त वाहनों के आवाजाही की मिलान व उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच करवाई जाए।

2. भ्रष्ट अधिकारियों, ठेकेदारों व कंपनियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हेतु ठोस कदम उठाए जाएं1

3. फ्लाई ऐश परिवहन कार्य में स्थानीय ट्रक मालिकों व परिवहन व्यवसाईयों को प्राथमिकता और पारदर्शी निविदा प्रणाली को वरियता दी जाए।

4. पर्यावरणीय मानकों की सख्ती से निगरानी की जाए और जनता के स्वास्थ्य हानि से बचाया जाए।

इस मामले में हम शीघ्र ही माननीय प्रधानमंत्री कार्यालय,माननीय मंत्री सड़क परिवहन मंत्रालय एवं केंद्रीय अनवेशन ब्यूरो को ज्ञापन सौंपेंगे। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो हम राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन व धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

**डॉ. राजकुमार यादव**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**
**"उफ्तत्सा" राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा – (ट्रक ट्रांसपोर्ट सारथी)**

# शिव पवित्रारोपण आज



शिव पवित्रारोपण, जिसे शिव पवित्रारोपण भी कहा जाता है, सावन के महीने में भगवान शिव को समर्पित एक विशेष धार्मिक संस्कार है। यह श्रावण शुक्ल चतुर्दशी को मनाया जाता है और इसका मुख्य उद्देश्य पूजा में हुई अनजाने में हुई गलतियों को ठीक करना है। इस दिन, भक्त भगवान शिव को पवित्र धागा (यज्ञोपवीत) या माला अर्पित करते हैं।

**शिव पवित्रारोपण का महत्व**

======================

यह एक ऐसा संस्कार है जिसके माध्यम से पूजा में हुई गलतियों को सुधारा जाता है।

यह भगवान शिव के प्रति समर्पण और भक्ति व्यक्त करने का एक तरीका है।

यह सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा का एक अभिन्न अंग है।

यह भक्तों को आध्यात्मिक शुद्धि और आशीर्वाद प्राप्त करने में मदद करता है।

**शिव पवित्रारोपण कैसे किया जाता है?**

=========================

सावन शुक्ल चतुर्दशी को, भक्त उपवास रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते हैं।

वे शिवलिंग पर जल, दूध, चंदन, फूल, बेलपत्र आदि चढ़ाते हैं।

इसके बाद, वे भगवान शिव को पवित्र धागा या माला समर्पित करते हैं।

पूजा के दौरान, भक्त ₹ॐ नमः शिवाय₹ मंत्र का जाप करते हैं।

**अन्य जानकारी**

============

शिव पवित्रारोपण को वार्षिक पवित्रारोपण भी कहा जाता है, जो आषाढ़, श्रावण या भाद्रपद की अष्टमी या चतुर्दशी को किया जाता है।

पवित्रारोपण के लिए, भक्त किसी भी पवित्र धागा, माला या कुशा का उपयोग कर सकते हैं।

जो लोग मोक्ष चाहते हैं, वे कृष्ण पक्ष में और अन्य लोग शुक्ल पक्ष में पवित्रारोपण करते हैं।

सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है, और पवित्रारोपण इस पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# अर्धनारीश्वर अवतार की कथा

**शीश गंग अर्धंग पार्वती नंदी भृंगी नृत्य करत है"**



शिव स्तुति में आये इस भृंगी नाम को आप सब ने जरुर ही सुना होगा। पौराणिक कथाओं के अनुसार ये एक ऋषि थे जो महादेव के परम भक्त थे किन्तु इनकी भक्ति कुछ ज्यादा ही कट्टर किस्म की थी। कट्टर से तात्पर्य है कि ये भगवान शिव की तो आराधना करते थे किन्तु बाकि भक्तो की भांति माता पार्वती को नहीं पूजते थे।

उनकी भक्ति पवित्र और अदम्य थी लेकिन वो माता पार्वती जी को हमेशा ही शिव से अलग समझते थे या फिर ऐसा भी कह सकते है कि वो माता को कुछ समझते ही नही थे। वैसे ये कोई उनका घमंड नही अपितु शिव और केवल शिव में आसक्ति थी जिसमे उन्हें शिव के आलावा कुछ और नजर ही नही आता था। एक बार तो ऐसा हुआ की वो कैलाश पर भगवान शिव की परिक्रमा करने गए लेकिन वो पार्वती की परिक्रमा नही करना चाहते थे।

ऋषि के इस कृत्य पर माता पार्वती ने ऐतराज प्रकट किया और कहा कि हम दो जिस्म एक जान है तुम ऐसा नही कर सकते। पर शिव भक्ति की कट्टरता देखिये भृंगी ऋषि ने पार्वती जी को अनसुना कर दिया और भगवान शिव की परिक्रमा लगाने बढे। किन्तु ऐसा देखकर माता पार्वती शिव से सट कर बैठ गई। इस किस्से में और नया मोड़ तब आता है जब भृंगी ने सर्प का रूप धरा और दोनों के बीच से होते हुए शिव की परिक्रमा देनी चाही।

तब भगवान शिव ने माता पार्वती का साथ दिया और संसार में महादेव के अर्धनारीश्वर रूप का जन्म हुआ। अब भृंगी ऋषि क्या करते किन्तु गुस्से में आकर उन्होंने चूहे का रूप धारण किया और शिव और पार्वती को बीच से कुतरने लगे।

ऋषि के इस कृत्य पर आदिशक्ति को क्रोध आया और उन्होंने भृंगी ऋषि को श्राप दिया कि जो शरीर तुम्हे अपनी माँ से मिला है वो तत्काल प्रभाव से तुम्हारी देह छोड़ देगा।

हमारी तंत्र साधना कहती है कि मनुष्य को अपने शरीर में हड्डिया और मांसपेशिया पिता की देन होती है जबकि खून और मांस माता की देन होते है1

श्राप के तुरंत प्रभाव से भृंगी ऋषि के शरीर से खून और मांस गिर गया। भृंगी निढाल होकर जमीन पर गिर पड़े और वो खड़े भी होने की भी क्षमता खो चुके थे 1 तब उन्हें अपनी भूल का एहसास हुआ और उन्होंने माँ पार्वती से अपनी भूल के लिए क्षमा मांगी।

हालाँकि तब पार्वती ने द्रवित होकर अपना श्राप वापस लेना चाहा किन्तु अपराध बोध से भृंगी ने उन्हें ऐसा करने से मना कर दिया 1 ऋषि को खड़ा रहने के लिए सहारे स्वरुप एक और (तीसरा) पैर प्रदान किया गया जिसके सहारे वो चल और खड़े हो सके तो भक्त भृंगी के कारण ऐसे हुआ था महादेव के अर्धनारीश्वर रूप का उदय।

*जय शिव शक्ति महादेव*

# बादाम को भिगोकर सेवन करें (आयुर्वेदिक शास्त्र एवं ज्ञान)

आखिर क्यों दी जाती है बादाम भिगोकर खाने की सलाह । स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी को समझें। इसके चमत्कारिक लाभ हैं:

आपके घर के बड़े बुजुर्गों ने कभी न कभी आपको ये बात ज़रूर बताई होगी, कि बादाम भिगोकर खाने से बहुत फायदे होते हैं। हालांकि, शायद ही आपको इसके फायदे विस्तार से बताए गए हों।

इसलिए हम आपके लिए लाए हैं ऐसे कारण जिनकी वजह से भीगे हुए बादाम खाने से आपके पूरे शरीर को फायदा पहुंचेगा। लेकिन उससे पहले हम आपको बताएंगे भीगे बादाम में ऐसा क्या ख़ास होता है।

**भीगे बादाम क्यों बेहतर हैं**

*बादाम अपने असीम स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। और सबसे ज्यादा यह याद्दाश्त को बढ़ने में मदद के लिए जाना जाता है। बादाम आवश्यक विटामिन और मिनरल जैसे विटामिन ई, जिंक, कैल्शियम, मैग्नीशियम और ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर होता है।

*लेकिन इन सभी पोषक तत्वों को अवशोषित करने के लिए, बादाम को खाने से पहले रात भर पानी में भिगोना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि बादाम के भूरे रंग के छिलके में टनीन होता है जो पोषक तत्वों के अवशोषण को रोकता है। एक बाद बादाम को पानी में भिगोने से छिलका आसानी से उतर जाता है और नट्स को पोषक तत्वों को रिहा करने की अनुमति देता है।

*भीगा हुआ बादाम पाचन में भी मदद करता है। यह लाइपेज नामक एंजाइम की विज्ञप्ति करता है जो वसा के पाचन के लिए फायदेमंद होता है।



इसके अलावा भीगे हुए बादाम आपके स्वास्थ्य के लिए अन्य कई प्रकार से फायदेमंद हो सकता है!

**वजन घटाने में मददगार**

*बादाम वजन घटाने में भी मददगार होते हैं। इसमें मोनो अनसेचुरेटेड फैट आपकी भूख को रोकने और पूरा महसूस करने में मदद करता है। भीगा हुआ बादाम एंटीऑक्सीडेंट का भी अच्छा स्रोत हैं। यह मुक्त कणों के नुकसान से बचाकर उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकता है।

*भीगे बादाम में विटामिन B17 और फोलिक एसिड कैंसर से लड़ने और जन्म दोष को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण होता हैं।

**दिल को स्वस्थ रखें**

*जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, बादाम एक बहुत ही शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट एजेंट हैं, जो एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के ऑक्सीकरण को रोकने में मदद करता है।

*बादाम के ये गुण दिल को स्वस्थ रखने और पूरे हृदय प्रणाली को नुकसान और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाने में मदद करता है। अगर आप दिल की बीमारी के किसी भी रूप से पीड़ित हैं तो स्वस्थ रहने के लिए अपने आहार में भीगे हुए बादाम को शामिल करें।

**हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करें**

*बादाम ब्लड प्रेशर के लिए भी अच्छे होते हैं। जर्नल फ्री रेडिकल रिसर्च में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, वैज्ञानिकों ने पाया कि बादाम का सेवन करने से ब्लड में अल्फा टोकोफेरॉल की मात्रा बढ़ जाती है, जो किसी के भी रक्तचाप को बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण होता है।

*अध्ययन से यह भी पता चला कि नियमित रूप से बादाम खाने से एक व्यक्ति का ब्लड प्रेशर नीचे लाया जाता है। और यह 30 से 70 वर्ष की उम्र के बीच के पुरुषों में विशेष रूप से प्रभावी होता है!

***गर्भस्थ शिशु के विकास में मदद***

*भीगे हुए बादाम में फॉलिक एसिड काफी होता है, ये पोषक तत्व गर्भ के शिशु के मस्तिष्क और न्यूरोलॉजिकल सिस्टम के विकास में मददगार साबित होता है।

*इसके अलावा, जब बादाम को भिगा दिया जाता है तो उन्हें खाना आसान हो जाता है, गर्भवती महिलाओं की कमज़ोर पाचन क्रिया के लिए ये खाना अच्छा होता है।

**पाचन क्रिया बनाएं बेहतर**

*भीगे हुए बादाम पाचन क्रिया को मज़बूत और स्वस्थ बनाता है। जर्नल ऑफ फूड साइंस में प्रकाशित एक अध्ययन में ये पाया गया कि भीगे कच्चे बादाम खाने से पेट जल्दी साफ होता है और प्रोटीन पचाना आसान हो जाता है।

*बादाम का छिलका निकल जाने से उसके छिलके में मौजूद एंजाइम अलग हो जाते हैं और इस वजह से फैट तोड़ने में आसानी होती है। ऐसे में पाचन क्रिया और पोषक तत्वों का अवशोषण आसान हो जाता है।

**बैड' कॉलेस्ट्रॉल पर नियंत्रण**

*उच्च कोलेस्ट्रॉल की समस्या हमारे देश में सबसे आम बीमारियों में से एक होती जा रही है। उच्च कोलेस्ट्रॉल हृदय रोग और दिल की धमनियों में रुकावट समेत कई प्रकार के रोगों का एक बड़ा कारण है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए बादाम आपकी मदद करता है।

*बादाम शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ाने में 'खराब' कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में बहुत मदद करता है।

*रात में पानी में भिगोकर सुबह छिलका उतार कर खाना से पढ़ने वाले बच्चों के लिए तो यह बहुत ही फायदेमंद सिद्ध होता हैं। बादाम खाना खाने के बाद ख़ाना चाहिए। जो शुगर और इंसुलिन का लेवल बढ़ने से रोकता है।

*जिससे डायबिटीज से बचा जा सकता है। तो फिर किस बात की देरी है, रोज सुबह 5 भीगे बादाम (बिना छिलके का)खाकर आप भी अपने शरीर को पोषण से भरपूर कर सकते हैं!

# पशुपतिनाथ की महिमा

## नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर की है अनोखी महिमा?

अगर आप कभी नेपाल घुमने जाते हैं तो आपको वहां जाकर इस बात का बिल्कुल भी एहसास नहीं होगा कि आप एक अलग देश में हैं। कुछ भारत जैसी संस्कृति और संस्कारों को देखकर आप आश्चर्यचकित जरुर हो जायेंगे। आप अगर शिव भगवान के भक्त हैं तो आपको एक बार नेपाल स्थित भगवान शिव का पशुपतिनाथ मंदिर जरूर जाना चाहिए।

नेपाल में भगवान शिव का पशुपतिनाथ मंदिर विश्वभर में विख्यात है। इसका असाधारण महत्त्व भारत के अमरनाथ व केदारनाथ से किसी भी प्रकार कम नहीं है। पशुपतिनाथ मंदिर नेपाल की राजधानी काठमांडू से तीन किलोमीटर उत्तर-पश्चिम देवपाटन गांव में बागमती नदी के तट पर स्थित है।

यह मंदिर भगवान शिव के पशुपति स्वरूप को समर्पित है। यूनेस्को विश्व सांस्कृतिक विरासत स्थल की सूची में शामिल भगवान पशुपतिनाथ का मंदिर नेपाल में शिव का सबसे पवित्र मंदिर माना जाता है।

यह मंदिर हिन्दू धर्म के आठ सबसे पवित्र स्थलों में से एक है। नेपाल में यह भगवान शिव का सबसे पवित्र मंदिर है। इस अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ के दर्शन के लिए भारत के ही नहीं, अपितु विदेशों के भी असंख्य यात्री और पर्यटक काठमांडू पहुंचते हैं।

पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव यहां पर चिंकारे का रूप धारण कर निद्रा में चले बैठे थे। जब देवताओं ने उन्हें खोजा और उन्हें वाराणसी वापस लाने का प्रयास किया तो उन्होंने नदी के दूसरे किनारे पर छलांग लगा दी। कहा जाता हैं इस दौरान उनका सींग चार टुकडों में टूट गया था। इसके बाद भगवान पशुपति चतुर्मुख लिंग के रूप में यहाँ प्रकट हुए थे।

पशुपतिनाथ लिंग विग्रह में चार दिशाओं में चार मुख और ऊपरी भाग में पांचवां मुख है। प्रत्येक मुखाकृति के दाएं हाथ में रुद्राक्ष की माला और बाएं हाथ में कमंडल है। प्रत्येक मुख अलग-अलग गुण प्रकट करता है।



पहला मुख 'अघोर' मुख है, जो दक्षिण की ओर है। पूर्व मुख को 'तत्पुरुष' कहते हैं। उत्तर मुख 'अर्धनारीश्वर' रूप है। पश्चिमी मुख को 'सद्योजात' कहा जाता है। ऊपरी भाग 'ईशान' मुख के नाम से पुकारा जाता है। यह निराकार मुख है। यही भगवान पशुपतिनाथ का श्रेष्ठतम मुख माना जाता है।

इतिहास को देखने पर ज्ञात होता है कि पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान की सेवा करने के लिए 1747 से ही नेपाल के राजाओं ने भारतीय ब्राह्मणों को आमंत्रित किया है। इसके पीछे यह तथ्य बताये जाते हैं कि भारतीय ब्राह्माण हिन्दू धर्मशास्त्रों और रीतियों में ज्यादा पारंगत होते हैं। बाद में 'माल्ला राजवंश' के एक राजा ने दक्षिण भारतीय ब्राह्मण को 'पशुपतिनाथ मंदिर' का प्रधान पुरोहित नियुक्त किया। दक्षिण भारतीय भट्ट ब्राह्मण ही इस मंदिर के प्रधान पुजारी नियुक्त होते रहे हैं।

मंदिर के निर्माण का कोई प्रमाणित इतिहास तो नहीं है किन्तु कुछ जगह पर यह जरुर लिखा गया है कि मंदिर का निर्माण सोमदेव राजवंश के पशुप्रेक्ष ने तीसरी सदी ईसा पूर्व में कराया था।

कुछ इतिहासकार पाशुपत सम्प्रदाय को इस मंदिर की स्थापना से जुड़ा मानते हैं। पशुपति काठमांडू घाटी के प्राचीन शासकों के अधिष्ठाता देवता रहे हैं। 605 ईस्वी में अमशुवर्मन ने भगवान के चरण छूकर अपने को अनुग्रहीत माना था। बाद में मध्य युग तक मंदिर की कई नकलों का निर्माण कर लिया गया। ऐसे मंदिरों में भक्तपुर (1480), ललितपुर (1566) और बनारस (19वीं शताब्दी के प्रारंभ में) शामिल हैं। मूल मंदिर कई बार नष्ट हुआ है। इसे वर्तमान स्वरूप नरेश भूपलेंद्र मल्ला ने 1697 में प्रदान किया।

मंदिर की आध्यात्मिक शक्ति की चर्चाआसपास में काफी प्रचलित है। भारत समेत कई देशों से लोग यहाँ आध्यात्मिक शांति की तलाश में आते हैं। अगर आप भी भगवान शिव के दर्शनों के अभिलाषी हैं तो यहाँ साफ़ और छल रहित दिल से आकर, आप शिव के दर्शन कर सकते हैं।

*मंदिर की महिमा के बारे में आसपास के लोगों से आप काफी कहानियां भी सुन सकते हैं। मंदिर में अगर कोई घंटा-आधा घंटा ध्यान करता है तो वह जीव कई प्रकार की समस्याओं से मुक्त भी हो जाता है।*

विशेष,,,,

भारत के उत्तराखण्ड राज्य में स्थित प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर की किंवदंती के अनुसार पाण्डवों को स्वर्गप्रयाण के समय भैंसे के स्वरूप में शिव के दर्शन हुए थे जो बाद में धरती में समा गए लेकिन भीम ने उनकी पूँछ पकड़ ली थी। ऐसे में उस स्थान पर स्थापित उनका स्वरूप केदारनाथ कहलाया, तथा जहाँ पर धरती से बाहर उनका मुख प्रकट हुआ, वह पशुपतिनाथ कहलाया।

# बिल्व पत्र की विशेषता



भगवान शिव की पूजा में बिल्व पत्र यानी बेल पत्र का विशेष महत्व है। महादेव एक बेलपत्र अर्पण करने से भी प्रसन्न हो जाते है, इसलिए तो उन्हें आशुतोष भी कहा जाता है।

बिल्व तथा श्रीफल नाम से प्रसिद्ध यह फल बहुत ही काम का है। यह जिस पेड़ पर लगता है वह शिवद्रुम भी कहलाता है। बिल्व का पेड़ संपन्नता का प्रतीक, बहुत पवित्र तथा समृद्धि देने वाला है।

बेल के पत्ते शंकर जी का आहार माने गए हैं, इसलिए भक्त लोग बड़ी श्रद्धा से इन्हें महादेव के ऊपर चढ़ाते हैं। शिव की पूजा के लिए बिल्व-पत्र बहुत ज़रूरी माना जाता है। शिव-भक्तों का विश्वास है कि पत्तों के त्रिनेत्रस्वरूप तीनों पर्णक शिव के तीनों नेत्रों को विशेष प्रिय हैं।

**भगवान शंकर का प्रिय**

-------------------------------

भगवान शंकर को बिल्व पत्र बेहद प्रिय हैं। भांग धतूरा और बिल्व पत्र से प्रसन्न होने वाले केवल शिव ही हैं। शिवरात्रि के अवसर पर बिल्वपत्रों से विशेष रूप से शिव की पूजा की जाती है। तीन पत्तियों वाले बिल्व पत्र आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं, किंतु कुछ ऐसे बिल्व पत्र भी होते हैं जो दुर्लभ पर चमत्कारिक और अद्भुत होते हैं।

**बिल्वाष्टक और शिव पुराण**

---------------------------------

बिल्व पत्र का भगवान शंकर के पूजन में विशेष महत्व है जिसका प्रमाण शास्त्रों में मिलता है। बिल्वाष्टक और शिव पुराण में इसका स्पेशल उल्लेख है। अन्य कई ग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता है। भगवान शंकर एवं पार्वती को बिल्व पत्र चढ़ाने का विशेष महत्व है।

**मां भगवती को बिल्व पत्र**

---------------------------*----

श्रीमद् देवी भागवत में स्पष्ट वर्णन है कि जो व्यक्ति मां भगवती को बिल्व पत्र अर्पित करता है वह कभी भी किसी भी परिस्थिति में दुखी नहीं होता। उसे हर तरह की सिद्धि प्राप्त होती है और कई जन्मों के पापों से मुक्ति मिलती है और वह भगवान भोले नाथ का प्रिय भक्त हो जाता है। उसकी सभी इच्छाएं पूरी होती हैं और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**बिल्व पत्र के प्रकार**

---------------------------

बिल्व पत्र चार प्रकार के होते हैं – अखंड बिल्व पत्र, तीन पत्तियों के बिल्व पत्र, छः से 21 पत्तियों तक के बिल्व पत्र और श्वेत बिल्व पत्र। इन सभी बिल्व पत्रों का अपना-अपना आध्यात्मिक महत्व है। आप हैरान हो जाएंगे ये जानकर की कैसे ये बेलपत्र आपको भाग्यवान बना सकते हैं और लक्ष्मी कृपा दिला सकते हैं।

**अखंड बिल्व पत्र**

--------------------------

इसका विवरण बिल्वाष्टक में इस प्रकार है – ''अखंड बिल्व पत्रं नंदकेश्वरे सिद्धर्थ लक्ष्मी''। यह अपने आप में लक्ष्मी सिद्ध है। एकमुखी रुद्राक्ष के समान ही इसका अपना विशेष महत्व है। यह वास्तुदोष का निवारण भी करता है। इसे गल्ले में रखकर नित्य पूजन करने से व्यापार में चैमुखी विकास होता है।

**तीन पत्तियों वाला बिल्व पत्र**

---------------------------------

इस बिल्व पत्र के महत्व का वर्णन भी बिल्वाष्टक में आया है जो इस प्रकार है- ''त्रिदलं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रं च त्रिधायुतम्त्रिजन्म पाप सहारं एक बिल्वपत्रं शिवार्पणम'' यह तीन गणों से युक्त होने के कारण भगवान शिव को प्रिय है। इसके साथ यदि एक फूल धतूरे का चढ़ा दिया जाए, तो फलों में बहुत वृद्धि होती है।

इस तरह बिल्व पत्र अर्पित करने से भक्त को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। रीतिकालीन कवि ने इसका वर्णन इस प्रकार किया है- ''देखि त्रिपुरारी की उदारता अपार कहां पायो तो फल चार एक फूल दीनो धतूरा को'' भगवान आशुतोष त्रिपुरारी भंडारी सबका भंडार भर देते हैं।

आप भी फूल चढ़ाकर इसका चमत्कार स्वयं देख सकते हैं और सिद्धि प्राप्त कर सकते हैं। तीन पत्तियों वाले बिल्व पत्र में अखंड बिल्व पत्र भी प्राप्त हो जाते हैं। कभी-कभी एक ही वृक्ष पर चार, पांच, छह पत्तियों वाले बिल्व पत्र भी पाए जाते हैं। परंतु ये बहुत दुर्लभ हैं।

**10 छह से लेकर 21 *पत्तियों वाले बिल्व पत्र**

ये मुख्यतः नेपाल में पाए जाते हैं। पर भारत में भी दक्षिण में कहीं-कहीं मिलते हैं। जिस तरह रुद्राक्ष कई मुखों वाले होते हैं उसी तरह बिल्व पत्र भी कई पत्तियों वाले होते हैं।

**श्वेत बिल्व पत्र**

--------------------

जिस तरह सफेद सांप, सफेद टांक, सफेद आंख, सफेद दूर्वा आदि होते हैं उसी तरह सफेद बिल्वपत्र भी होता है। यह प्रकृति की अनमोल देन है। इस बिल्व पत्र के पूरे पेड़ पर श्वेत पत्ते पाए जाते हैं। इसमें हरी पत्तियां नहीं होतीं। इन्हें भगवान शंकर को अर्पित करने का विशेष महत्व है।

**कैसे आया बेल वृक्ष**

---------------------------

बेल वृक्ष की उत्पत्ति के संबंध में 'स्कंदपुराण' में कहा गया है कि एक बार देवी पार्वती ने अपनी ललाट से पसीना पोछकर फेंका, जिसकी कुछ बूंदें मंदार पर्वत पर गिरीं, जिससे बेल वृक्ष उत्पन्न हुआ। इस वृक्ष की जड़ों में गिरिजा, तना में महेश्वरी, शाखाओं में दक्षयायनी, पत्तियों में पार्वती, फूलों में गौरी का वास माना गया है।

**बिल्व-पत्र तोड़ने का मंत्र**

---------------------------------

बिल्व-पत्र को सोच-विचार कर ही तोड़ना चाहिए। पत्ते तोड़ने से पहले यह मंत्र बोलना चाहिए-

अमृतोद्भव श्रीवृक्ष महादेवप्रियः सदा।
गृह्यामि तव पत्राणि शिवपूजार्थमादरात॥

अर्थ- अमृत से उत्पन्न सौंदर्य व ऐश्वर्यपूर्ण वृक्ष महादेव को हमेशा प्रिय है। भगवान शिव की पूजा के लिए हे वृक्ष में तुम्हारे पत्र तोड़ता हूं।

**पत्तियां कब न तोड़ें**

-----------------------

विशेष दिन या पर्वो के अवसर पर बिल्व के पेड़ से पत्तियां तोड़ना मना है। शास्त्रों के अनुसार इसकी पत्तियां इन दिनों में नहीं तोड़ना चाहिए-

सोमवार के दिन चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी और अमावस्या की तिथियों को। संक्रांति के पर्व पर।

अमारिक्तासु संक्रान्त्यामष्टम्यामिन्दुवासरे ।
बिल्वपत्रं न च छिन्द्याच्छिन्द्याच्चेन्नरकं व्रजेत ॥
(लिंगपुराण)

अर्थ

अमावस्या, संक्रान्ति के समय, चतुर्थी, अष्टमी, नवमी और चतुर्दशी तिथियों तथा सोमवार के दिन बिल्व-पत्र तोड़ना वर्जित है।

**क्या चढ़ाया गया बिल्व-पत्र भी चढ़ा सकते हैं**

---------------------------------

शास्त्रों में विशेष दिनों पर बिल्व-पत्र चढ़ाने से मना किया गया है तो यह भी कहा गया है कि इन दिनों में चढ़ाया गया बिल्व-पत्र धोकर पुनः चढ़ा सकते हैं।

अर्पितान्यपि बिल्वानि प्रक्षाल्यापि पुनः पुनः।
शंकरायार्पणीयानि न नवानि यदि चित॥
(स्कन्दपुराण, आचारेन्दु)

अर्थ- अगर भगवान शिव को अर्पित करने के लिए नूतन बिल्व-पत्र न हो तो चढ़ाए गए पत्तों को बार-बार धोकर चढ़ा सकते हैं।

**विभिन्न रोगों की कारगर दवा**

----------------------------------

बिल्व-पत्र-बिल्व का वृक्ष विभिन्न रोगों की कारगर दवा है। इसके पत्ते ही नहीं बल्कि विभिन्न अंग दवा के रूप में उपयोग किए जाते हैं। पीलिया, सूजन, कब्ज, अतिसार, शारीरिक दाह, हृदय की घबराहट, निद्रा, मानसिक तनाव, श्वेतप्रदर, रक्तप्रदर, आंखों के दर्द, रक्तविकार आदि रोगों में बिल्व के विभिन्न अंग उपयोगी होते हैं। इसके पत्तो को पानी से पकाकर उस पानी से किसी भी तरह के जख्म को धोकर उस पर ताजे पत्ते पीसकर बांध देने से वह शीघ्र ठीक हो जाता है।

**पूजन में महत्व**

--------------------

वस्तुतः बिल्व पत्र हमारे लिए उपयोगी वनस्पति है। यह हमारे कष्टों को दूर करती है। भगवान शिव को चढ़ाने का भाव यह होता है कि जीवन में हम भी लोगों के संकट में काम आएं। दूसरों के दुःख के समय काम आने वाला व्यक्ति या वस्तु भगवान शिव को प्रिय है। सारी वनस्पतियां भगवान की कृपा से ही हमें मिली हैं अतः हमारे अंदर पेड़ों के प्रति सद्भावना होती है। यह भावना पेड़-पौधों की रक्षा व सुरक्षा के लिए स्वतः प्रेरित करती है। पूजा में चढ़ाने का मंत्र- भगवान शिव की पूजा में बिल्व पत्र यह मंत्र बोलकर चढ़ाया जाता है। यह मंत्र बहुत पौराणिक है।

त्रिदलं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रं च त्रिधायुतम्।
त्रिजन्मपापसंहारं बिल्वपत्रं शिवार्पणम्॥

अर्थ- तीन गुण, तीन नेत्र, त्रिशूल धारण करने वाले और तीन जन्मों के पाप को संहार करने वाले हे शिवजी आपको त्रिदल बिल्व पत्र अर्पित करता हूं।

रुद्राष्टाध्यायी के इस मन्त्र को बोलकर बिल्वपत्र चढ़ाने का विशेष महत्त्व एवं फल है।

----------------------------------

नमो बिल्ल्मिने च कवचिने च नमो वर्म्मिणे च वरूथिने चनमः श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुब्भ्याय चा हनन्न्याय च नमो घृश्णवे॥

दर्शनं बिल्वपत्रस्य स्पर्शनम्पापनाशनम्। अघोर पाप संहारं बिल्व पत्रं शिवार्पणम्॥त्रिदलं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रं च त्रिधायुधम्। त्रिजन्मपापसंहारं बिल्वपत्रं शिवार्पणम्॥

अखण्डै बिल्वपत्रैश्च पूजये शिव शंकरम्। कोटिकन्या महादानं बिल्व पत्रं शिवार्पणम्॥ *गृहाण बिल्व पत्राणि सपुश्पाणि महेश्वर। सुगन्धीनि भवानीश शिवत्वंकुसुम प्रिय।

# आतिशी मार्लेना आज बेशर्मी के साथ ब्यानबाज़ी कर अभिवावकों को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं : वीरेन्द्र सचदेवा



मुख्य संवाददाता

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दस साल आम आदमी पार्टी की राजनीति निजी स्कूल शिक्षा के विरोध पर आधारित रही पर अरविंद केजरीवाल ने कभी स्कूलों की मनमानी रोकने का कोई कानूनी प्रयास नही किया और अब भाजपा सरकार द्वारा स्कूल फीस रेगूलेशन बिल लाने से बौखला गयी है।

सचदेवा ने कहा है की ₹आप₹ नेता आतिशी मार्लेना लगभग 10 साल दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी रहीं पहले 8 वर्ष तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की असंवैधानिक सहयोगी के रूप में फिर अंतिम दो वर्ष शिक्षा मंत्री एवं मुख्य मंत्री रहीं पर उन्होने दिल्ली के निजी स्कूलों पर कोई कानूनी नकेल नही कसी और आज बेशर्मी के साथ ब्यानबाज़ी कर अभिवावकों को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की 2011 से 2025 की आम आदमी पार्टी की राजनीतिक यात्रा दिखाती है की यह सत्ता में रहें या विपक्ष में इनका राजनीतिक अस्तित्व केवल मीडिया में ब्यानबाज़ी पर टिका है।

आज "आप" नेता जितने सुझाव एवं संसोधन दिल्ली स्कूल फीस रेगूलेशन बिल पर रख रहे हैं यदि यह फीस रेगूलेशन पर इतने ही सच्चे होते तो अपने कार्यकाल में कानूनी बिल ले आते।

# श्रद्धांजलि भी, संकल्प भी सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम

मुख्य संवाददाता

**नई दिल्ली,** : भारत की पूर्व विदेश मंत्री पद्म विभूषण स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर आज सिल्वर ओक पार्क, जंगपुरा एक्सटेंशन में 501 पौधों का रोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह आयोजन, उनके राष्ट्रसेवा के योगदान को स्मरण करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ को भी समर्पित रहा — जो पर्यावरण और भावनात्मक जुड़ाव का संदेश देता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दक्षिणी दिल्ली के सांसद दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा और आशीष सूद तथा दिल्ली के विधयक सतीश उपाध्याय, शिखा राय, अनिल शर्मा, नीरज बसोया, श्याम शर्मा और उमंग बजाज, सहित अनेक वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने भी सुषमा स्वराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।





दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर हम सब कार्यकर्ता एकत्रित हुए हैं जहां हमने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया है वहीं 501 पेड़ लगाने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि सुषमा स्वराज हम सबके लिए मां समान थी इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अवाहन के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज मैंने और अन्य गणमान्यों ने मिलकर उनकी स्मृति मे पेड़ लगाने का काम किया है।

सचदेवा ने कहा कि सुषमा स्वराज के विचार और उनका व्यक्तित्व आज भी हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। हमने उनसे सीखा है कि कैसे विरोध के बावजूद सदन में सभ्यता से अपनी बात को रखना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से स्व. सुषमा स्वराज ने अपना जीवन समाज के लिए अर्पित किया है वह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक सीख है और हमें भी देश के लिए समर्पित भाव से काम करना चाहिए।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी भावुक शब्दों में श्रद्धांजलि अर्पित की : ₹देश-विदेश की हज़ारों बेटियाँ आज भी सुषमा स्वराज को प्रेरणा के रूप में याद करती हैं। सुषमा स्वराज देश की एक बड़ी शख्सियत एवं ममता मयी राजनेता थीं। सबसे कम उम्र की राजनेता होकर उन्होंने देश के सर्वोच्च पदों तक जाकर कार्य किया। देश की हर बेटी को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मैं आज उस पुण्य आत्मा की पुण्यतिथि पर उनके चरणों में वंदन करती हूँ, नमन करती हूँ और कामना करती हूँ कि देश की सभी बेटियाँ उनके जैसा आगे बढ़ने का लक्ष्य रखें। वे हमारी माँ थी, और हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी।

नई दिल्ली की संसद बांसुरी स्वराज ने भावुक स्वर में कहा : ₹छह साल हो गए जब कृष्ण जी माँ को हम सबके बीच से चुरा कर ले गए थे। लेकिन आज भी जितने लोग यहाँ उपस्थित हैं, उनकी आँखों में मुझे वही वात्सल्य, वही ममता का अंश दिखाई देता है। सुषमा स्वराज को केवल अपनी माता कहना शायद स्वर्ग की पराकाष्ठा होगी। जैसा कि आपने आदरणीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मुख से सुना, उनकी ममतामयी छाया में कई वटवृक्ष पनपे और खड़े हुए हैं। मैं आप सभी से अनुरोध करती हूँ कि यदि आप सुषमा स्वराज को सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो दो कार्य अवश्य करिएगा —

एक, आज किसी न किसी की मदद अवश्य करिएगा;

और दूसरा, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर 'एक पेड़ माँ के नाम' ज़रूर लगाइएगा।

सांसद बाँसुरी स्वराज ने कहा की आज हम सिल्वर ओक पार्क, जंगपुरा में एकत्रित हुए हैं। हम हर वर्ष सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि के माध्यम से एक पार्क को संरक्षित करने का संकल्प लेते हैं। पिछले वर्ष हमने लोधी रोड के एक पार्क का चयन किया था, और इस वर्ष सिल्वर ओक पार्क को। बड़ी संख्या में लोग यहाँ एकत्र हुए हैं और 500 से अधिक वृक्ष लगाए जा रहे हैं। यह जो जन आंदोलन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरंभ किया — ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ — यह केवल माँ की स्मृति को जीवंत नहीं करता, बल्कि पर्यावरण का रक्षक भी बनता है।"

# गो ग्लोबल इमिग्रेशन सर्विसेज़ का हुआ वार्षिक पुरस्कार और समारोह



मुख्य संवाददाता

गो-ग्लोबल इमिग्रेशन सर्विसेज़ (GGIMS) की टीम अगस्त को साकेत स्थित द इल्यूज़न में एक उत्साहपूर्ण वार्षिक समारोह के लिए एकत्रित हुई, जिसमें सम्मान, चिंतन और उत्साह का समान रूप से मिश्रण था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारी

पुरस्कारों, संगीत, नृत्य और प्रेरणा से भरी एक जीवंत शाम के लिए एकत्रित हुए, जिसने वैश्विक आव्रजन सेवाओं में अग्रणी के रूप में GGIMS की उल्लेखनीय यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित किया।

कई लोगों द्वारा वर्ष के सबसे भावपूर्ण आयोजन के रूप में वर्णित इस समारोह में पुराने टीम सदस्यों और नई प्रतिभाओं, दोनों को सम्मानित किया गया और उन व्यक्तियों की सराहना की गई जिन्होंने अपने ग्राहकों को उनकी अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं में सहयोग देने के लिए निरंतर आगे बढ़कर काम किया है। शाम का एक मुख्य आकर्षण पुरस्कार समारोह था, जहाँ विभिन्न भूमिकाओं के कर्मचारियों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। बहुप्रतीक्षित ₹महीने का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी₹ ट्रॉफी ज़ोरदार तालियों के साथ प्रदान की गई, जिसमें न केवल निरंतर उत्कृष्टता, बल्कि कंपनी के मूल्यों और ग्राहक सेवा मानकों के प्रति समर्पण को भी मान्यता दी गई।

GGIMS प्रमुख स्थानों पर एक मज़बूत उपस्थिति के साथ काम करता है, जिसमें जनकपुरी में दो शाखाएँ, साकेत, ग्रीन पार्क और बेंगलुरु में कार्यालय शामिल हैं - प्रत्येक का नेतृत्व अनुभवी पेशेवरों द्वारा किया जाता है जो परिणाम देने और असाधारण ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं।

कंट्री हेड, हिना खुराना, कंपनी की रणनीतिक दिशा का नेतृत्व करती हैं, जबकि निदेशक

अनिल खुराना और संगीता खुराना दूरदर्शी नेतृत्व और

आधारभूत समर्थन प्रदान करते हुए कंपनी के दीर्घकालिक विकास और मूल्यों को आकार देते हैं।

# भारत डेड नहीं, एक जीवंत और सनातन अर्थव्यवस्था

पंकज जायसवाल

भारत केवल एक भूगोल नहीं बल्कि एक निरंतर सभ्यता है। इस सभ्यता का मूल चरित्र सनातन है जिसका अर्थ है सस्टेनेबल, शाश्वत, स्थायी, निरंतर और अनश्वर। यही विशेषता भारत की अर्थव्यवस्था में भी परिलक्षित होती है। भारत की अर्थव्यवस्था हमेशा से जीवंत (Vibrant) और रेजिलिएंट रही है क्योंकि इसकी जड़ें प्रकृति, सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक मूल्यों में गहराई से पैठी हुई हैं। इसका आधार सनातन अर्थशास्त्र रहा है. भारत का चरित्र हमेशा से प्रकृति संरक्षण और पारिस्थितिकीय संतुलन को महत्व देता रहा है। धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवहार में यह स्पष्ट दिखता है पेड़ों की पूजा, नदियों का सम्मान, कृषि और लोकल उत्पादन का प्रोत्साहन, ये सब भारत के आर्थिक डीएनए का हिस्सा हैं।

भारतीय समाज में उत्सवधर्मिता एक अद्वितीय तत्व है। हर मौसम में त्योहार, हर महीने कोई न कोई आयोजन, यह न केवल सांस्कृतिक पहचान है बल्कि यह अर्थव्यवस्था के निरंतर गतिशील रहने का रहस्य भी है। शादियों और त्योहारों का मौसम भारत की अर्थव्यवस्था में नियमित अंतराल पर नई जान फूंकता है। यही कारण है कि यहां मंदी का असर भी सीमित रहता है। यदि कोई कहता है कि भारत की इकॉनमी डेड इकॉनमी है तो वह भारत के सनातन अर्थचरित्र को नहीं समझता। भारत सदियों तक आत्मनिर्भर रहा है और आज भी सर्व-सक्षम है। वर्तमान भारत आज भी एक वाइब्रेंट इकॉनमी है. आजादी के बाद के बीते

75 वर्षों में भारत ने लंबा सफर तय किया है, गरीबी, लाइसेंस राज और आयात निर्भरता से निकलकर अब भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। २०२७ तक भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। यह बदलाव इस बात का प्रमाण है कि भारत एक वाइब्रेंट, ग्रोथ-ड्रिवन और इनोवेटिव इकॉनमी है।

अगर भारत की अर्थव्यवस्था जीवंत नहीं होती तो इतनी विदेशी कंपनियां भारत में निवेश नहीं करतीं। ग्लोबल ब्रांड भारत में आकर अपना माल नहीं बेचते। डेड होती इकॉनमी में कोई अपनी दुकान नहीं खोलता. भारत आज भी फास्टेस्ट ग्रोइंग इकॉनमी है. आज भारत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे आकर्षक बाजारों में से एक है। विदेशी निवेशकों को मालूम है कि भारत को नजरअंदाज करना असंभव है। यह अब केवल बाजार नहीं, अवसरों का केंद्र भी है. जीसीसी का खुलना इस बात का प्रमाण है. मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं से भारत ने मैन्युफैक्चरिंग में बड़ी छलांग लगाई है। डिजिटल पेमेंट में भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। UPI एक वैश्विक मॉडल बन गया है और कई देश इसे अपना रहे हैं। रुपे कार्ड, आधार, डिजिटल इंडिया पहल ने भारत को टेक्नोलॉजी-संचालित अर्थव्यवस्था बना दिया है।

भारत की जीवंत अर्थव्यवस्था के सात स्तंभ हैं. पहला सनातन अर्थचरित्र, प्रकृति, संस्कृति और सस्टेनेबिलिटी पर आधारित मॉडल। दूसरा उत्सवधर्मिता, त्योहार और शादियों से निरंतर आर्थिक प्रवाह। तीसरा डेमोग्राफिक डिविडेंड दुनिया का सबसे बड़ा युवा कार्यबल। चौथा नवाचार और स्टार्टअप बूम, हर महीने नए यूनिकॉर्न, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम। पांचवां डिजिटल इंडिया, 1 बिलियन से अधिक इंटरनेट यूजर्स, UPI, आईटी सेक्टर का वैश्विक नेतृत्व। छठा सस्टेनेबल और सबसे तेज ग्रोथ। सातवां वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भूमिका "चीन प्लस वन" स्ट्रेटेजी में भारत सबसे बड़ी पसंद।

अभी हमें इस ताकत और अवसर को कॅश करने के लिए स्वदेशी उपभोग को बढ़ाना है और भारतीय कंपनियों और ब्रांड्स को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभानी है। हमें रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर निवेश बढ़ा ज्यादा से ज्यादा पेटेंट हासिल करना है। अपने हर खोज, विधि और प्रोसेस का पेटेंट हासिल करना है. वैल्यू-एडेड मैन्युफैक्चरिंग में दुनिया में नेतृत्व हासिल करना है। शिक्षा, स्किल और टेक्नोलॉजी में निवेश को प्राथमिकता देनी है। भारत का भविष्य सुरक्षित है क्यूंकि दुनिया की ग्रोथ स्टोरी का केंद्र आज भारत केवल 1.4 अरब उपभोक्ताओं का देश नहीं बल्कि 1.4 अरब क्रिएटर्स और इनोवेटर्स का देश है. बस हमें इसे दृष्टि दिशा और नेतृत्व देना है।

भारत एक वाइब्रेंट, रेजिलिएंट और इनोवेटिव इकॉनमी है जो आने वाले दशक में ग्लोबल ग्रोथ इंजन बनने की राह पर है। भारत का चरित्र सनातन है. यह कभी डेड हो ही नहीं सकता और यही उसे सस्टेनेबल बनाता है। भारत न केवल जिंदा है बल्कि आने वाले समय में दुनिया की सबसे शक्तिशाली आर्थिक कहानी लिखने के लिए भी तैयार है। हमें इस इबारत को लिखने के लिए ताली बजाना है. हौसला नहीं गिराना है.

अंत में मेरी तरफ से सिर्फ एक सलाह है कि भारत के बैंकों और नियामकों को यह ध्यान रखना है कि अगर कोई कंपनी या ब्रांड अच्छा कर रही है, गोइंग कंसर्न है तो उसे मरने नहीं देना है, उसे प्रोत्साहित करना है. पूर्व में देखा गया है कि भारत के बहुत से ब्रांड प्रमोटरों की गलती से बंद हो गए क्यूंकि बैंकों ने प्रमोटरों की गलती की सजा कंपनी को दे दी. यहां सरकार की तरफ से एक सहायता भारत के उभरते ब्रांड और कॉर्पोरेट को चाहिए कि अगर उनका ब्रांड और बिज़नेस सस्टेनेबल है तो कार्रवाई ऐसी हो कि दोषियों को सजा तो मिले लेकिन ब्रांड और कंपनी जीवित रहे. एक कंपनी और ब्रांड में निवेश सिर्फ पूंजी का नहीं होता, उसके हजारों कर्मचारियों और सप्लाई चेन इकोसिस्टम में लगे प्लेयर का होता है. दोषी को सजा देने के चक्कर में हम इन्हें न मारें. बस इतना हो जाए तो भारत और भारत के ब्रांड दुनिया में तहलका मचा देंगे.

# हर माँ के अधिकार को सलाम – जहाँ भी हों, कभी भी, अपने शिशु को आत्मविश्वास और आराम से स्तनपान कराने का अधिकार

मुख्य संवाददाता

**भारत :** भारत के नंबर 1 डॉक्टर-प्रिसक्राइब्ड बेबी केयर ब्रांड हिमालया बेबीकेयर ने वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक के अवसर पर एक संवेदनशील डिजिटल वीडियो कमर्शियल (डीवीसी) फिल्म लॉन्च की है।

#हरकदमहरमाँकेसाथ' शीर्षक वाला यह अभियान उन चुनौतियों को उजागर करता है, जिनका सामना माताओं को सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान कराने के दौरान गोपनीयता और सहयोगी माहौल के अभाव में करना पड़ता है।

इस विचार से प्रेरित होकर कि एक माँ का आराम और आत्मविश्वास केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं होना चाहिए, हिमालया बेबीकेयर पूरे भारत में लाखों माताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

फिल्म में एक माँ को अपने घर के आरामदायक माहौल में शांति से शिशु को दूध पिलाते और लोरी गुनगुनाते हुए दिखाया गया है। जैसे-जैसे दृश्य धीरे-धीरे मेट्रो स्टेशनों, हवाई अड्डों, मॉल और बस स्टॉप जैसे सार्वजनिक स्थानों की ओर बढ़ता है, उसका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है, उसकी आवाज लड़खड़ा जाती है, और बैठने में असहजता झलकती है। यह स्थिति उस आम समस्या को दर्शाती है, जिसका सामना कई माताएँ करती हैं। आंकड़ों



के अनुसार हर तीन में से एक मां को को अपने बच्चों को नए स्थानों पर दूध पिलाते समय असुविधा होती है।

इसके परिणामस्वरूप अक्सर सुरक्षित और प्राइवेट फीडिंग स्पेस की कमी के चलते शिशुओं को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता है।

फिल्म में आगे दिखाया गया है कि माँ जैसे ही शांत और सुकूनभरे 'हिमालया हैप्पी फीडिंग रूम' में प्रवेश करती है, उसका तनाव कम हो जाता है, स्वर में पुनः कोमलता लौट आती है और उसकी लोरी में फिर से शांति और आत्मविश्वास भर जाता है।

पिछले 13 वर्षों में हिमालया बेबीकेयर ने भारतभर में 500 से अधिक सुविचारित ढंग से डिज़ाइन किए गए हिमालया ब्रेस्ट फीडिंग रूम्स स्थापित किए हैं, जिसमें हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, अस्पताल और अन्य सार्वजनिक स्थान शामिल है, जहाँ माताओं को शिशु को दूध पिलाने के लिए निजी, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिलता है।

कैंपेन के बारे में हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर डायरेक्टर श्री चक्रवर्ती एन वी ने कहा, "हिमालया बेबीकेयर में हमारी प्रतिबद्धता केवल उत्पाद देखभाल तक सीमित नहीं है, बल्कि माताओं को भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक रूप से सहयोग प्रदान करने तक है। #हरकदमहरमाँकेसाथ के माध्यम से हमने उन भावनाओं को आवाज़ दी है, जो कई माताएँ महसूस करती हैं लेकिन शायद ही कभी व्यक्त करती हैं। हर लोरी को आराम के साथ गाया जाना चाहिए। हमारे 500 से अधिक हैप्पी फीडिंग रूम से हम माताओं को जहाँ भी हों, उस शांति के करीब लाना चाहते हैं।"

इस पहल के अंतर्गत, हिमालया बेबी सोप, लोशन और क्रीम के प्रत्येक पैक की बिक्री से 5 रुपए का माताओं के लिए हाइजीनिक ब्रेस्टफीडिंग रूम्स बनाने में योगदान किया जाएगा। हर वर्ष 55 लाख से अधिक माताएँ इन सुविधाओं का उपयोग करती हैं, और ब्रांड का उद्देश्य देशभर की अधिक से अधिक माताओं के लिए स्तनपान को आसानी से सुलभ बनाना है।

वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक (1–7 अगस्त) के दौरान #हरकदमहरमाँकेसाथ कैंपेन को हिमालया बेबीकेयर के डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लॉन्च किया गया है।

# वर्ष 2060 तक एक अरब टन प्रति वर्ष से ज्यादा हो जाएगा प्लास्टिक उत्पादन !

पर्यावरण, हमारे धरती के पारिस्थितिकी तंत्र से लेकर मनुष्य जीवन हो या जीव-जंतु, वनस्पतियां हों या हमारी कृषि; प्लास्टिक सभी के लिए एक बहुत बड़ा और गंभीर खतरा है। आज के इस आधुनिक युग में दिन-प्रतिदिन प्लास्टिक और इससे बनीं चीजों का उपयोग लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। विश्व की लगातार बढ़ती जनसंख्या और शहरीकरण, अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन, इसमें लागत कम होने, हल्का, टिकाऊ और आसानी से इस्तेमाल होने वाले उत्पाद होने के कारण और प्लास्टिक की बहुमुखी प्रतिभा वे प्रमुख कारण हैं, जिनके कारण प्लास्टिक का उपयोग नीले ग्रह धरती पर बढ़ता चला जा रहा है। पैकेजिंग, निर्माण, और इलेक्ट्रॉनिक्स में प्लास्टिक का बहुत प्रयोग आज हो रहा है। दूसरे शब्दों में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि एकल-उपयोग (सिंगल यूजर) वाले प्लास्टिक उत्पादों, जैसे कि पैकेजिंग और बैग, का व्यापक उपयोग भी प्लास्टिक कचरे में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है। आज उपभोक्तावाद में काफी वृद्धि हुई है, और इसके कारण प्लास्टिक कचरा बढ़ रहा है। प्लास्टिक का उपयोग उद्योगों में इसके स्थायित्व, कम वजन, और कम लागत के कारण किया जाता है। इतना ही नहीं, प्लास्टिक कचरे का पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) एक काफी जटिल प्रक्रिया है, और कई बार प्लास्टिक को ठीक से पुनर्चक्रित नहीं किया जाता है, जिससे यह हमारे पर्यावरण में जमा हो जाता है। यह भी एक कड़वा सच है कि प्लास्टिक ने ऑटोमोटिव पार्ट्स और चिकित्सा उपकरणों तक, विभिन्न क्षेत्रों में क्रांति ला दी है, लेकिन इससे इतर प्लास्टिक का पर्यावरणीय स्वास्थ्य, मानव स्वास्थ्य और जलवायु पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। प्लास्टिक की बड़ी तस्वीर की यदि हम यहां पर बात करें तो



लगातार बढ़ती प्लास्टिक खपत ने हमारे द्वारा प्रति वर्ष उत्पादित प्लास्टिक की मात्रा को लगभग दोगुना कर दिया है, जो साल 2000 में 234 मिलियन टन से बढ़कर साल 2019 में 460 मिलियन टन हो गया है। आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में प्लास्टिक का योगदान 3.4% है। मानव जाति द्वारा अब तक निर्मित सभी प्लास्टिक का लगभग 80% अभी भी पर्यावरण और लैंडफिल में मौजूद है तथा समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण से प्रभावित 17% प्रजातियाँ अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की संकटग्रस्त प्रजातियों की लाल सूची में हैं। इतना ही नहीं, हमारे फेफड़ों और रक्त तक में प्लास्टिक पाया गया है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में वैज्ञानिकों ने प्लास्टिक से होने वाले खतरों को लेकर नई चेतावनी जारी की है। उनके मुताबिक, दुनिया में फैला प्लास्टिक कचरा बचपन से लेकर बुढ़ापे तक बीमारियों का कारण बन रहा है। लैंसेट ने प्लास्टिक उत्पादन और उससे होने वाले प्रदूषण पर रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार, 1950 के बाद से दुनिया में प्लास्टिक का उत्पादन 200 गुना से ज्यादा बढ़ा है और अगले 35 साल में यानी कि वर्ष 2060 तक यह उत्पादन लगभग तीन गुना बढ़कर एक अरब टन प्रति वर्ष से ज्यादा होने के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि प्लास्टिक के कारण सालाना 1.5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान उठाने पड़ रहे हैं। द लैंसेट की एक समीक्षा रिपोर्ट में यह कहा गया कि प्लास्टिक उत्पादन में भारी वृद्धि से प्लास्टिक प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। अभी लगभग 8 अरब टन प्लास्टिक से पूरी धरती प्रदूषित हो रही है, और इनकी मौजूदगी माउंट एवरेस्ट की चोटी से लेकर गहरी समुद्री खाई तक है। वैज्ञानिकों ने यह बताया कि प्लास्टिक उत्पादन के दौरान होने वाले उत्सर्जन से पीएम 2.5 कणों की अधिकता बढ़ती है, जो प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। बहरहाल, यदि हम यहां पर भारत की बात करें तो भारत दुनिया में प्लास्टिक कचरा उत्पादन में विश्व का एक अग्रणी देश है, और वैश्विक प्लास्टिक कचरे के लगभग 20% हिस्से के लिए जिम्मेदार है। हालांकि, यह बात अलग है कि भारत प्लास्टिक का सबसे बड़ा उत्पादक नहीं है, लेकिन प्लास्टिक कचरा उत्पादन में इसका स्थान शीर्ष पर है। ब्रिटेन के लीड्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अनुसार दुनिया में भारत हर साल 1.02 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा पैदा करता है, वास्तव में यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के बाद सबसे अधिक प्लास्टिक प्रदूषण नाइजीरिया और इंडोनेशिया फैलाते हैं। चीन प्लास्टिक प्रदूषण के मामले में दुनिया भर में चौथे स्थान पर है। अन्य शीर्ष प्लास्टिक प्रदूषक पाकिस्तान, बांग्लादेश, रूस और ब्राजील हैं। अध्ययन के आंकड़ों के अनुसार, ये आठ देश दुनिया के आधे से अधिक प्लास्टिक प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि चीन प्लास्टिक का सबसे बड़ा उत्पादक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में प्लास्टिक उत्पादन 1950 में 2 मिलियन टन से बढ़कर 2022 में 475 मिलियन टन हो गया है। वहीं अगले 25 साल में 800 मीट्रिक टन और 2060 तक 12 गीगाटन तक बढ़ने का अनुमान है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि हमारे देश में लगभग 57 फीसदी प्लास्टिक कचरे को खुले में जलाया जाता है, तथा 43 फीसदी लैंडफिल में जाता है। रिपोर्ट बताती है कि भारत में प्लास्टिक उत्सर्जन की दर हर साल 0.10 मीट्रिक टन से एक मीट्रिक टन के बीच है। अंत में यही कहूंगा कि प्लास्टिक प्रदूषण कम करने के लिए हमें समय रहते आवश्यक और जरूरी कदम उठाने होंगे, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम मानवजाति को भुगतने पड़ेंगे और इसके लिए हमें हमारी आने वाली पीढ़ियां कोसेंगी। यह ठीक है कि प्लास्टिक ने आधुनिक जीवन में क्रांति ला दी है, लेकिन धरती से प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए हमें सिंगल-यूज प्लास्टिक (जैसे प्लास्टिक बैग, बोतलें, और स्ट्रॉ) आदि के उपयोग को कम करना होगा। पुनः प्रयोज्य उत्पादों का उपयोग करना होगा, और प्लास्टिक कचरे का पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) करना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, प्लास्टिक के विकल्पों का उपयोग करना, चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूकता फैलाना भी बहुत आवश्यक है।

**सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर,**

# 07 अगस्त: रवींद्रनाथ टैगोर पुण्यतिथि

# रवींद्रनाथ टैगोर: वो दीप जो बुझा नहीं, उजाला बन गया

रवींद्रनाथ टैगोर का नाम एक ऐसी दीपशिखा है, जो भारत के सांस्कृतिक, साहित्यिक और आध्यात्मिक क्षितिज पर युग-युगांतर तक देदीप्यमान रहेगी। वे न केवल कवि, साहित्यकार या संगीतज्ञ थे, अपितु एक युग-नायक थे, जिनके दर्शन ने मानवता को नवीन पथ प्रदर्शित किया, जिनकी कृतियों ने हृदय को छुआ, और जिनके जीवन ने सत्य, सौंदर्य और प्रेम का अमर संदेश विश्व-वसुंधरा पर प्रसारित किया। उनकी पुण्यतिथि, 7 अगस्त 1941, केवल एक तिथि नहीं, वरन एक पावन स्मृति है—उनके विचारों को पुनर्जागृत करने, उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने और उनके स्वप्नों को मूर्त रूप देने का। टैगोर का जीवन एक ऐसी गाथा है, जो प्रत्येक मानव को प्रेरणा देती है कि वह अपनी सृजनशक्ति को प्रज्वलित करे, प्रकृति से प्रेम करे और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को आत्मसात करे।

कोलकाता के जोड़ासाँको ठाकुर बाड़ी में 1861 में जन्मे रवींद्रनाथ एक ऐसे परिवार में पले-बढ़े, जहाँ कला, साहित्य और दर्शन की सुगंध हर साँस में बसी थी। उनके पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ब्रह्म समाज के प्रखर विचारक थे, और परिवार का वातावरण विचारों की स्वतंत्रता से सराबोर था। छोटी आयु में ही रवींद्रनाथ ने कविता की रचना शुरू कर दी थी। आठ वर्ष की उम्र में लिखी उनकी कविताएँ उनकी असाधारण प्रतिभा का परिचय देती थीं। पारंपरिक स्कूली शिक्षा उन्हें बाँध नहीं सकी; उन्होंने विश्व साहित्य, संगीत और प्रकृति के अध्ययन में स्वयं को डुबो दिया। यह स्वतंत्रता उनकी रचनात्मकता का आधार बनी, जिसने उन्हें एक कवि से कहीं अधिक—एक दार्शनिक, चित्रकार, शिक्षाविद् और समाज सुधारक बनाया।

टैगोर की साहित्यिक यात्रा का सर्वोच्च शिखर था गीतांजलि, वह काव्य संग्रह जिसने उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिलाया। यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं था, बल्कि यह भारत की बौद्धिक शक्ति का वैश्विक मंच पर उद्घोष था। वे पहले एशियाई थे, जिन्हें यह पुरस्कार मिला, जिसने उपनिवेशवादी मानसिकता को गहरी चुनौती दी। गीतांजलि की कविताएँ मानव और ईश्वर के बीच एक आध्यात्मिक संनाद हैं। इनमें भक्ति की गहराई, प्रेम की कोमलता और जीवन की नश्वरता का ऐसा चित्रण है जो हृदय को गहरे तक उद्वेलित करता है। उनकी पंक्तियाँ, जैसे "जहाँ मन भयरहित हो और सिर ऊँचा हो," आज भी स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की प्रेरणा देती हैं। टैगोर ने केवल कविता ही नहीं, बल्कि गोरा, घरे बाइरे, चोखेर बाली जैसे उपन्यासों, काबुलीवाला और डाकघर जैसे नाटकों, और असंख्य कहानियों व निबंधों के माध्यम से भारतीय समाज की जटिलताओं, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक कुरीतियों को उजागर किया। उनकी रचनाएँ केवल साहित्य नहीं, बल्कि जीवन दर्शन का एक अनमोल कोष हैं।

रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक साहित्यकार नहीं, अपितु एक दूरदर्शी समाज सुधारक थे, जिनकी शिक्षा के प्रति दृष्टि आज भी प्रासंगिकता की प्रखर ज्योति है। 1901 में, उन्होंने शांतिनिकेतन में एक प्रयोगात्मक विद्यालय की नींव रखी, जो कालांतर में विश्वभारती विश्वविद्यालय के रूप में अमर हुआ। यहाँ उन्होंने भारतीय गुरुकुल पद्धति और आधुनिक पश्चिमी शिक्षा का अलौकिक समन्वय रचा। उनका विश्वास था कि शिक्षा का लक्ष्य केवल उपाधि नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है। प्रकृति की गोद में, संगीत, कला और नाट्य के माध्यम से उनकी शिक्षा पद्धति विद्यार्थियों में सृजनशीलता, संवेदनशीलता और नैतिकता का बीज बोती थी। विश्वभारती आज भी उनकी इस दृष्टि का सजीव प्रतीक है, जो शिक्षा को आत्मा की जागृति का पावन साधन मानता है।

उनका राष्ट्रवाद भी उनकी विचारधारा की भाँति अनन्य था। टैगोर अंधराष्ट्रवाद के प्रखर विरोधी थे, उनका विश्वास था कि सच्चा राष्ट्रप्रेम मानवतावाद की उदात्त प्रेरणा से उपजता है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का समर्थन किया, किंतु हिंसा का सदा विरोध किया। 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार के पश्चात, उन्होंने 'नाइटहुड' की उपाधि अस्वीकार कर उपनिवेशवाद के विरुद्ध साहसी सांस्कृतिक विद्रोह का परचम लहराया। उनकी



रचना "एकला चलो रे" स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा का मंत्र बनी, जो साहस और आत्मनिर्भरता का अमर संदेश देती है। टैगोर का दर्शन था कि सच्ची स्वतंत्रता केवल बाह्य बंधनों से मुक्ति नहीं, अपितु अंतर्मन की जागरूकता और नैतिक साहस से प्राप्त होती है।

टैगोर की संगीतमय प्रतिभा उनकी सृजनशीलता का एक अनुपम रत्न थी, जो सौंदर्य और भाव की अनंत गहराइयों में समाया है। उन्होंने लगभग 2,230 गीतों की रचना की, जिन्हें रवींद्र संगीत के रूप में अमरत्व प्राप्त है। इन गीतों में प्रकृति का अलौकिक सौंदर्य, प्रेम की नाजुक संवेदनाएँ, भक्ति की गहन तन्मयता और देशप्रेम की प्रचंड ज्वाला समाहित है। भारत का राष्ट्रगान ₹जन गण मन₹ और बांग्लादेश का ₹आमार सोनार बांग्ला₹ उनकी कालजयी रचनाएँ हैं, जो उनके वैश्विक प्रभाव की सशक्त गवाही देती हैं। श्रीलंका का राष्ट्रगान भी उनकी प्रेरणा से ओतप्रोत है। उनके गीत, जैसे ₹पूरबोई गगने डोलेर₹, प्रकृति और मानव हृदय के बीच एक गहन संनाद रचते हैं। इनकी लय और शब्द आज भी असंख्य हृदयों को आल्हादित और प्रेरित करते हैं।

उनकी चित्रकला उनकी बहुआयामी प्रतिभा का एक और अनमोल आयाम थी। जीवन के उत्तरार्ध में, उन्होंने लगभग 3,000 चित्रों का सृजन किया, जिनमें भारतीय लोककला, आदिवासी रेखांकन और प्रतीकात्मकता का अद्भुत समन्वय झलकता है। उनकी कला केवल सौंदर्य का आलंकारिक प्रदर्शन नहीं, अपितु उनके दर्शन और भावनाओं का दृश्यात्मक साकार रूप थी। प्रत्येक रंग और रेखा मानो उनकी कविता का ही सजीव विस्तार हो। उनकी चित्रकारी में मानव मन की जटिलताएँ और प्रकृति का रहस्यमयी आकर्षण जीवंत हो उठता है, जो दर्शक को एक गहन चिंतन और सौंदर्यबोध की यात्रा पर ले जाता है।

जब 7 अगस्त 1941 को रवींद्रनाथ टैगोर ने इस नश्वर संसार को अलविदा कहा, तो एक युग का सूर्यास्त हुआ, किंतु उनकी रचनाएँ, उनके दर्शन और उनकी शिक्षाएँ आज भी सूर्य की भाँति प्रखर और जीवंत हैं। उनकी पुण्यतिथि हमें उनके असाधारण जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने का पावन अवसर प्रदान करती है। वे हमें सिखाते हैं कि साहित्य केवल शब्दों का आलंकारिक संयोजन नहीं, अपितु आत्मा को प्रज्वलित करने का अलौकिक साधन है। उनकी शिक्षा पद्धति हमें स्मरण कराती है कि सच्चा ज्ञान वही है, जो मानव को संवेदनशील और जागरूक बनाए। उनकी देशभक्ति हमें यह बोध कराती है कि प्रेम, नैतिकता और मानवता ही सच्चे राष्ट्रवाद की अटल नींव हैं।

आज, जब हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में अपनी सांस्कृतिक जड़ों से विलग हो रहे हैं, टैगोर की शिक्षाएँ एक दीपस्तंभ की भाँति मार्गदर्शन करती हैं। वे हमें प्रकृति से जुड़ने, आत्मनिरीक्षण करने और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने की प्रेरणा देते हैं। उनकी पुण्यतिथि केवल स्मृति का दिन नहीं, अपितु एक अटल संकल्प है—उनके विचारों को जीवन में उतारने और उनके स्वप्नों को साकार करने का। जैसा कि टैगोर ने स्वयं कहा, "मृत्यु का अर्थ दीपक बुझाना नहीं, बल्कि इसलिए बुझाना है क्योंकि प्रभात का नवीन प्रकाश उदित हो चुका है।" उनका यह प्रकाश आज भी हमारे मध्य देदीप्यमान है, जो हमें सत्य, सौंदर्य और प्रेम के पथ पर अनंत यात्रा के लिए प्रेरित करता है। उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि तभी अर्पित होगी, जब हम उनके विचारों को जीवंत रखकर उनके दिखाए मार्ग पर दृढ़ता से अग्रसर हों।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत", बड़वानी (मप्र)**

# श्रीनाथ धाम में 29वें झूलन महोत्सव में गणमान्य नागरिकों को ब्रज विभूति सम्मान से किया गया अलंकृत











(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** गांधी मार्ग स्थित श्रीनाथ धाम में चल रहे 29वें झूलन महोत्सव के अंतर्गत भुवालका जन कल्याण ट्रस्ट (कोलकाता), श्रीनाथ सेवा धाम व डॉ. मनोज मोहन शास्त्री फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ब्रज विभूति सम्मान एवं मेधावी छात्र-छात्रा प्रोत्साहन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसके अंतर्गत श्रीराधा दामोदर मन्दिर के वरिष्ठ सेवायत आचार्य कनिका गोस्वामी (बड़े गुसाईं), प्रख्यात भागवताचार्य ब्रजभक्त रमाकांत गोस्वामी, प्रमुख शिक्षाविद् आभा माहेश्वरी, डॉक्टर एस. एस. जायसवाल, प्रमुख शिक्षाविद् ब्रज किशोर त्रिपाठी, संगीताचार्य दामोदर शास्त्री आदि 7 विभूतियों को ₹ब्रज विभूति सम्मान₹ से अलंकृत किया गया।उन्हें यह सम्मान उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व शिक्षा मंत्री पंडित श्याम सुंदर शर्मा, बसेरा ग्रुप के चेयरमैन रामकृष्ण अग्रवाल, ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी, एडवोकेट ,प्रमुख समाज सेविका डॉक्टर लक्ष्मी गौतम एवं पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री आदि ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र, ठाकुरजी का पटुका प्रसादी माला व नगद धनराशि आदि भेंट कर दिया।इसके अलावा वर्ष 2025 में हाईस्कूल व इण्टर मीडिएट में प्रथम श्रेणी में सर्वोच्च अंक लाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।साथ ही प्रोत्साहन राशि के रूप में एक हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर ब्रज भाषा के प्रख्यात कवि मोहन लाल ₹मोहीर₹, आचार्य दामोदर गोस्वामी, श्रीधर भुवालका, श्रीमती माला भुवालका, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, श्रीमती मीरा शास्त्री, पद्मनाभ शास्त्री, पीयूष शर्मा, सुदेवी शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।संचालन प्रोफेसर के.एम.अग्रवाल ने किया।

# प्रेमिका के रूप में उसे मौत ने बुलाया था, प्लॉट में दबी मिली कानपुर के सुमित की लाश

सुनील बाजपेई




**कानपुर।** मौत किसी न किसी बहाने से आ ही जाती है और वह इसके लिए किसी का भी रूप धारण कर सकती है। कुछ ऐसा ही हुआ 3 दिन से लपता सुमित के साथ ,जिसे मौत ने प्रेमिका ने बनकर बुलाया था। उसकी हत्या की हुई लाश उसके घर से कुछ दूर के प्लाट में मिट्टी के नीचे दबी हुई बरामद की गई। पुलिस उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज कर हत्यारों का पता लगाने में जुट गई है। प्रथम दृश्य मामला प्रेम प्रसंग का है ,जिसकी वजह से ही घटना को अंजाम दिया गया। उसकी हत्या का आरोप प्रेमिका के परिवार वालों पर लगाया गया है।

परिवार ने बताया कि 3 अगस्त की रात सुमित को एक कॉल आई थी। वो उसकी प्रेमिका की बताई जा रही है। आरोप है, लड़की के परिवारवालों ने ही सुमित को मार डाला। इसके बाद घर के पास के प्लॉट में लाश दबा दी। अब पुलिस इस मामले को ऑनर किलिंग मानते हुए रिपार्ट दर्ज कर हत्यारों का पता लगाने में जुट गई है।

पुलिस से प्राप्त विवरण के मुताबिक मसवानपुर में रहने वाले रज्जन गौतम गोविंदनगर की पान मसाला फैक्ट्री में काम करते हैं। परिवार में पत्नी सुनीता और 4 बच्चे खुशबू, सुमित (18), पायल और नैना हैं। सुमित के घर से 5 घर छोड़कर एक परिवार रहता है। उनकी लड़की से करीब 2 साल से सुमित का लव अफेयर चल रहा था। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे।

मौके पर पहुंची पुलिस को परिवार वालों ने बताया कि 3 जुलाई की रात सुमित घर पर ही था। रात 8 बजे सुमित के पास फोन आया। सबको यही पता था कि वह अपनी गर्लफ्रेंड से बात कर रहा है। उसी ने मिलने बुलाया था। इसके बाद सुमित कॉल हिस्ट्री डिलीट करके मोबाइल घर पर ही छोड़कर चला गया था। इसके बाद आज सुबह उसकी लाश बरामद हुई। इसके बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# समस्त ब्रजवासियों के प्राणाधार हैं गिरिराज गोवर्धन : भागवताचार्य शैलेन्द्र कृष्ण महाराज


(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)










**वृन्दावन।** ग्राम धौरैरा/राधा मोहन नगर स्थित मां धाम आश्रम में श्रावण मास झूलन महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत प्रख्यात भागवताचार्य धर्म पथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने व्यासपीठ से देश के विभिन्न प्रांतों से आए सभी भक्तों-श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के नाम करण, यमलार्जुन उद्धार, माखन चोरी, बकासुर-अघासुर वध, कालिया मर्दन, इंद्र मान मर्दन और गिरिराज गोवर्धन महिमा की कथा श्रवण कराई।

श्रद्धेय धर्मपथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने कहा कि गिरिराज गोवर्धन का प्रादुर्भाव भगवान श्रीकृष्ण के वक्षस्थल से हुआ है। द्वापर युग में देवराज इंद्र का मान मर्दन करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने सप्त कोसी गिरिराज गोवर्धन को अपने नख पर धारण किया था, तभी से उनका एक नाम गिरधारी पढ़ गया।

उन्होंने कहा कि ब्रजभूमि में सात कोस में विद्यमान गिरिराज गोवर्धन समस्त ब्रजवासियों के प्राणाधार हैं।वे साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का ही स्वरूप हैं,जो ब्रज की रक्षा के लिए यहां विराजे हुए हैं।जो भी भक्त गिरिराज गोवर्धन की सच्ची आराधना व परिक्रमा करते हैं, गिरिराज गोवर्धन उनकी सभी मनोकामना निश्चित ही पूर्ण करते हैं।

महोत्सव में पधारे प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि माँ धाम आश्रम के संस्थापक धर्म पथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज धर्म व अध्यात्म की बहुमूल्य विभूति हैं।उन्होंने देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर असंख्य व्यक्तियों को प्रभु भक्ति के मार्ग से जोड कर उनका कल्याण किया है।

इस अवसर पर गिरिराज गोवर्धन महाराज की अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक झांकी सजाई गई।साथ ही 56 प्रकार के भोग लगाए गए।इसके अलावा गोवर्धन महिमा से ओतप्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।जिन पर समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।तत्पश्चात सभी भक्तों-श्रद्धालुओं ने गोवर्धन जा कर धर्म पथिक शैलेंद्र कृष्ण महाराज के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर श्यामपाल बाबूजी, महोत्सव के मुख्य यजमान सीताराम चौरसिया (मध्यप्रदेश), श्रीमती गीता चौरसिया, पंकज, डॉ. राधाकांत शर्मा, मोहन बाबा, चंद्रमोहन मास्टर साहब, सुमन दीदी, श्वेता, स्वाति, आकाश, साक्षी, मुन्ना भैया, पप्पू भैया आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ट्रंप की धमकी बनाम राष्ट्रीय हित सर्वोपरि ,भारत फर्स्ट की नीति

अमेरिका व यूरोपीय यूनियन द्वारा रुस पर लगाए प्रतिबंधों के बावजूद प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से ऊर्जा खरीद रहे हैं तो भारत के साथ ऐसा बर्ताव क्यों?– **एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

वैश्विक स्तरपर आज दुनियाँ का हर देश ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद से उनके द्वारा दिए गए विभिन्न बयानों व व्यवहार से सख़्ती में है व सोचनें के लिए मजबूर है कि, वह क्या करें? क्योंकि ट्रंप चुनावी वादों अमेरिका फर्स्ट,व मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के लिए वित्त के विभिन्न स्रोतों का जुगाड़ कर रहे हैं, वह भी एक नए अंदाज में, टैरिफ का दबाव बनाकर! उन देशों को अपनी शर्तों, मांगों को मानने पर विवश कर रहे हैं, यह हमने देखे कि चीन पर 145 परसेंट तो कनाडा और पूरे यूरोपीय यूनियन तक सभी देशों में टैरिफ के माध्यम से दबाव का का खेला खेलने को हम देख रहे हैं,अब 1 अगस्त से भारत पर 25 परसेंट टैरिफ की घोषणा, फिर उसे संशोधन कर 7 अगस्त तक बढ़ाया जाना, फिर आज मंगलवार 5 अगस्त 2025 को देर शाम उन्होंने कहा कि भारत रूस से तेल लेकर अप्रत्यक्ष रूप से रूस यूक्रेन युद्ध में वित्तीय फंडिंग के रूप में मदद कर रहा है,उसे रुस से तेल खरीदना बंद करना होगा। अमेरिका अगले 24 घंटे में भारत पर टेरिफ बढ़ा देगा।मैं एडवोकेट किशन सनमुख दास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं, चूँकि वह दिन अब लग गए जब भारत पर दबाव बनाकर उसके अटल इरादों को डगमगा दिया जाता था,अब भारत इतना आगे बढ़ चुका है कि वह अपनी मर्जी, अपने दम व अपनी शर्तों पर राष्ट्रहित सर्वोपरि पर काम करेगा, यानें मेक इन इंडिया व विजन 2047 को ध्यान में रखते हुए ही राष्ट्रहित में रणनीति बनाकर काम किया जाएगा। बता दें ट्रंप मेक अमेरिका ग्रेट अगेन व अमेरिकी फर्स्ट की नीति पर चल रहे हैं, जो उनके चुनावी वादे का एक हिस्सा है।अब भारत अमेरिका दोनों देश अपने राष्ट्र को ग्रेट बनाना चाहते हैं, जो अच्छी बात है। परंतु इसके लिए दबाव नीति रूपी अस्त्र का उपयोग करना उचित मानदंडों के खिलाफ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अमेरिका व यूरोपीय यूनियन द्वारा रुस पर लगाए प्रतिबंधों के बावजूद प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से ऊर्जा खरीद रहे हैं, तो भारत के साथ ऐसा प्रस्ताव क्यों?

साथियों बात अगर हम ट्रंप की धमकी को ऊर्जा,राजनीति व दबाव की रणनीतिक कड़ी के रूप में देखें तो,ट्रंप की धमकी और अमेरिका का वास्तविक रुखः-डोनाल्ड ट्रंप ने 31 जुलाई और 5 अगस्त 2025 को दो बार भारत को धमकाया कि यदि रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया गया तो अमेरिका भारत पर "24 घंटे के भीतर बहुत बड़े टैरिफ" लगा देगा।उन्होंने भारत पर आरोप लगाया कि वहःसस्ता तेल रूस से खरीदता है, उसे अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में ऊँचे दामों पर बेचता है,और इस प्रकार "युद्ध को फंड कर रहा है"।लेकिन इस कथन में दो प्रमुख विरोधाभास हैंः (1) संयुक्त राज्य अमेरिका स्वयं 2024-25 में दुनिया का सबसे बड़ा तेल निर्यातक बन चुका है। (2) अमेरिका ने यूरोप को ऊर्जा आपूर्ति के लिए बड़े




समझौते किए हैं जो रूस की जगह लेने के नाम पर खुद लाभ कमा रहे हैं।भारत पर अमेरिका की तेल नीति और शुल्क धमकीः-डोनाल्ड ट्रंप ने 31 जुलाई और 4-5 अगस्त 2025 को दोहराकर स्पष्ट किया कि भारत की रूस से तेल खरीद को वह "युद्ध मशीन को ईंधन देना" मानते हैं, और इस वजह से भारत से आयात पर 25पेसेंट से कहीं अधिक "बहुत बड़ी" टैरिफ वृद्धि करेंगे।उन्होंने आरोप लगाया कि भारत रूस से तेल खरीदकरडिस्काउंट पर और फिर उसे ओपन मार्किट में "मुनाफे के लिए" बेचता है,रेउटर्स और इंडिया टाइम्स सहित रिपोर्टों के अनुसार, जनवरी-जून 2025 में भारत की कुल तेल खपत का लगभग 36-40 पेसेंट हिस्सा रूस से आया था अमेरिका और यूरोप स्वयं कितना तेल खरीद रहे हैं?यूरोपीय संघःयूरोस्टात के आंकड़ों के अनुसार अर्ली 2025 तक ईयू ने पेट्रोलियम ऑयल आयात में मार्च-2021 की तुलना में मूल्य में ₹56 पेसेंट वृद्धि, मात्रा में थोड़ा ₹+0.3 पेसेंट बढ़ोतरी दर्ज की-हालांकि 2022 के बाद क्रमशः दोनों में गिरावट आई है।2024 में ईयू ने अमेरिका से करीब €76 बिलियन मूल्य एलएनजी, पेट्रोलियम और कोयला आयात किया-कुल यूएस ऊर्जा निर्यात $ 318बिलियन में से ईयू का हिस्सा लगभग 24 पेसेंट था।यूरोप को आपूर्ति में यूएस का हिस्सा 2024 में एलएनजी में ₹44पेसेंट, तेल में ₹15.4पेसेंट था अमेरिकाः- -अमेरिका ने 2024 में रोजाना औसतन 4.1 मिलियन बैरल/दिन क्रूड ऑयल निर्यात किया — 2023 से नए रिकॉर्ड को पार करते हुए यूरोपीय देशों में सबसे ज्यादा रॉ डिलीवरी नॅदरलैंड को (लगभग 8.25 लाख ब/दिन), फिर जर्मनी, यूके आदि को हुई। उसी वर्ष भारत को अमेरिका की क्रूड ऑयल निर्यात में 32 पेसेंट की वृद्धि हुई- रूस से सस्ता तेल मिलने पर भी, भारत यूएस. क्रूड को भरपूर स्थान दे रहा हैः लगभग 55,000 बैरल/दिन की बढ़ोतरी।

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारत की रणनीतिक स्वायतःता पर प्रश्न खड़ा करने की करें तो,ट्रंप ने कहा कि अगले 24 घंटे में (5-6 अगस्त 2025 तक) भारत पर आयात टैरिफ "बहुत बड़े पैमाने पर" बढ़ा सकते हैं, वर्तमान में 25 पेसेंट के स्थान पर 50 पेसेंट, 100 पेसेंट, या उससे भी ज़्यादा तक।यूएस. कांग्रेस में "सैंक्शनिंग रूस एक्ट ऑफ़ 2025" प्रस्तावित है, जिसमें ऐसे देशों पर 500 पेसेंट सेकेंडरी टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को दिया गया है जो रूसी ऊर्जा आयात करते हैं (विशेष रूप से भारत, चीन) यह बिल लिंडसे ग्राहम और रिचर्ड ब्लूमेंथाल द्वारा लाया गया है और समर्थन प्राप्त कर रहा है।द्विपक्षीय संबंधों और आर्थिक प्रभाव यह तनाव, केवल तेल-सम्बंधित नहीं-भारत और यूएस के बीच व्यापार और विदेश नीति पर गहरा प्रभाव डाल रहा है, जिसमें कृषि और रक्षा संबंध शामिल हैं रेटिंग एजेंसीयों नेअनुमान लगाया कि रेसिपीरोकल टैरीफज़ से भारत को $ 7-18बिलियन वार्षिक नुकसान हो सकता है, और जीडीपी वृद्धि रेट में मामूली गिरावट (₹0.2पेटसेंट) आ सकती है जबकि तेल और ऊर्जा लागत में $11बिलियन तक का इज़ाफा हो सकता है।लेकिन भारत की नई उद्यमशील (स्टार्टअपस) और बुनियादी व्यापारिक भरोसा अभी भी मजबूत बना हुआ है-उन्होंने भविष्य के लिए भारत में निवेश यकीनी माना है। संयुक्त दृष्टिकोणः अमेरिका और ईयू-जहाँ खुद ब्लॉक को रूसी ऊर्जा आयात से दूर करने की योजना चल रही है-वह सीमित दायरे में भारत पर ही कठोर हैं। यह विश्व राजनीति में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर प्रश्न खड़े करता है।ऊर्जा नीतिः-भारत को ऊर्जा सुरक्षा के लिए विविध स्रोतों से तेल प्राप्त करना महत्त्वपूर्ण है, हालाँकि यूएस. से निर्यात बढ़ना एक अवसर है लेकिन वो रूस से प्राप्त सस्ते स्रोत की जगह तुरंत नहीं ले सकते। राजनीतिक संतुलनः-ट्रंप प्रशासन का रुख, हालाँकि चाइना, पाकिस्तान को भी थोड़ा अलग तरीके से देखा-दिल्ली को मुश्किल चुनाव करना होगाः- या ट्रंप की मांगों को स्वीकार किया जाए और रिश्तों को बनाए रखा जाए, या रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए आर्थिक- पॉलिटिकल रुख अपनाया जाए।

अतः अगर हम उपलब्ध पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि ट्रंप की धमकी बनाम राष्ट्रीय हित सर्वोपरि, भारत फर्स्ट की नीति, भारत के लिए चुनौतीः- अमेरिका के आगे झुकना नहीं, संबंध तोड़ना नहीं, सम्मान को छोड़ना नहीं, अमेरिका व यूरोपीय यूनियन द्वारा रुस पर लगाए प्रतिबंधों के बावजूद प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से ऊर्जा खरीद रहे हैं तो भारत के साथ ऐसा बर्ताव क्यों?

# जुलाई 2025 में इलेक्ट्रिक कारो की बिक्री में जोरदार उछाल, टाटा और जेएसडब्ल्यू एमजी टॉप पर कायम



जुलाई 2025 में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री में भारी उछाल आया है जिसमें कुल 17301 यूनिट्स बिकीं। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और JSW MG मोटर इंडिया ने बाजार में अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी है। टाटा मोटर्स 38.20% बाजार हिस्सेदारी के साथ पहले स्थान पर है जबकि JSW MG 33.13% हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है। महिंद्रा तीसरे स्थान पर है।

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ती जा रही है। जुलाई 2025 में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री की रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई 2025 में इलेक्ट्रिक 4-व्हीलर की बिक्री में बढ़ोतरी देखने के लिए मिली है। इस महीने कुल 17,301 इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री हुई है। यह रिपोर्ट साफ तौर पर दिखाता है कि भारतीय बाजार में टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और JSW MG मोटर इंडिया ने अपनी स्थिति को पहले की तरह बरकरार रखा है। यह दोनों ही टॉप के दो स्थानों पर बने हुए हैं।

**टाटा मोटर्स का दबदबा कायम**

जुलाई 2025 में पैसेंजर इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री में टाटा मोटर्स ने अपनी स्थिति को बनाए रखने में कामयाब रही है। कंपनी की कुल 6,609 इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री हुई है, जिसमें VAHAN राज्यों से 6,069 और तेलंगाना से 540 गाड़ियां शामिल है। इस दमदार प्रदर्शन के साथ, टाटा ने 38.20% की सबसे बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल की है।

**दूसरे नंबर पर JSW MG मोटर कायम**

टाटा मोटर्स को JSW MG मोटर इंडिया से कड़ी टक्कर मिल रही है, जिसने पैसेंजर इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री की इस लिस्ट में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस महीने JSW MG ने कुल 5,731 इलेक्ट्रिक गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया है। इसमें से VAHAN राज्यों से 5,102 और तेलंगाना से 629 गाड़ियां शामिल है। कंपनी ने 33.13% की बाजार हिस्सेदारी के साथ अपनी मजबूत स्थिति दर्ज की है।

**महिंद्रा अभी भी तीसरे स्थान पर**

तीसरे स्थान पर महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड (MEAL) है, जिसने 2,892 इलेक्ट्रिक व्हीकल का रजिस्ट्रेशन किया है। इसमें से VAHAN राज्यों से 5,102 और तेलंगाना से 629 इकाइयां शामिल है। कंपनी ने 33.13% की बाजार हिस्सेदारी के साथ अपनी स्थिति को तीसरे नंबर पर बनाए रखा है।

**बाकी कंपनियों का क्या हाल?**


भारतीय बाजार में बाकी ऑटोमेकर्स की हिस्सेदारी काफी कम है। डई मोटर इंडिया लिमिटेड ने 669 इकाइयों के साथ 3.87% बाजार हिस्सेदारी हासिल की, जबकि BYD इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 539 इकाइयों और 3.12% हिस्सेदारी के साथ पांचवें स्थान पर है। इसके साथ ही लक्जरी सेगमेंट में BMW ने 275 इकाइयों के साथ 1.59% बाजार हिस्सेदारी दर्ज की, जबकि मर्सिडीज-बेंज AG 114 इकाइयों और 0.66% हिस्सेदारी के साथ आठवें स्थान है। इसके साथ ही Kia की 75 इकाइयां, Citroen की 62 इकाइयां और Volvo की 44 इकाइयों की इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री हुई है।

**लिस्ट में अल्ट्रा-लक्जरी ब्रांड भी शामिल**

इस रिपोर्ट में अल्ट्रा-लक्जरी ब्रांड भी शामिल है, लेकिन उनकी संख्या काफी कम है। Porsche की 8, Rolls-Royce की 2, Audi की 1 और Lotus की 1 इकाई का पंजीकरण किया गया है। कुल मिलाकर, यह डेटा दिखाता है कि भारत में इलेक्ट्रिक 4-व्हीलर बाजार तेजी से बढ़ रहा है।

## 12 अगस्त को लॉन्च होगी नई येज़्दी बाइक, नया डिजाइन किया गया एलईडी हेडलैंप दिखा

परिवहन विशेष न्यूज



येज्दी मोटरसाइकिल्स 12 अगस्त को अपडेटेड Yezdi Roadster लॉन्च करने जा रही है। टीजर में नया LED हेडलैंप दिखा है। बाइक में 334cc इंजन का अपग्रेडेड वर्जन होने की उम्मीद है जो OBD2B और E20 फ्यूल कंप्लायंट होगा। डिजाइन में क्रूजर जैसा लुक और सिंगल सीट लेआउट मिल सकता है। इसका मुकाबला Royal Enfield Classic 350 और Honda CB350 से होगा।

**नई दिल्ली।** Yezdi मोटरसाइकिल्स ने हाल मे एक अपडेटेड बाइक का टीजर जारी किया है, जो रोडस्टर का एक नया वर्जन लग रहा है। कंपनी इसे 12 अगस्त को भारतीय बाजार में लॉन्च करने वाली है। कंपनी की तरफ से जारी किए गए टीजर में नया डिजाइन किया गया LED हेडलैंप देखने के लिए मिला है। आइए विस्तार में जानते हैं कि Yezdi मोटरसाइकिल्स भारत में कौन सी बाइक लेकर आने वाली है और उसमें कौन से फीचर्स देखने के लिए मिलेंगे?

**कैसा होगा डिजाइन?**

येज्दी मोटरसाइकिल्स भारतीय बाजार में 12 अगस्त को नई Yezdi Roadster को लॉन्च करने वाली है। बाइक को एकदम नया डिजाइन दिया जा सकता है। इसे नए डिजाइन के साथ पहले कई बार भारत की सड़कों पर स्पॉट किया जा चुका है। कंपनी की तरफ से छोटे टीजर में एक नया डिजाइन किया गया LED हेडलैंप दिखाया गया है। इसमें क्रूजर जैसा डिजाइन दिया जा सकता है और सिंगल सीट लेआउट मिल सकता है। इसमें ट्विन-एग्जॉस्ट सेटअप भी दिया जा सकता है और नए कलर ऑप्शन भी मिल सकते हैं। अब इसके लॉन्च होने पर ही इसके डिजाइन के बारे में पता चलेगा।

**कैसा होगा इंजन?**

अपडेटेड Yezdi Roadster में 334cc इंजन का अपग्रेडेड वर्जन दिया जा सकता है, जिसे आप 2025 येज्दी एडवेंचर में पहले ही देख चुके हैं। इसके इंजन को OBD2B और E20 फ्यूल कंप्लायंट के लिए अपडेट किया जा सकता है। इसके इंजन को थोड़ा ट्यून किया जा सकता है।

**सस्पेंशन और ब्रेकिंग सिस्टम**

इसमें पहले की तरह ही चेसिस, अलॉय व्हील्स, टेलीस्कोपिक फोर्क और डुअल रियर शॉक दिया जा सकता है। इसके साथ ही कंपनी इसे पहले से ज्यादा बेहतर राइड कम्फर्ट, हैंडलिंग और स्थिरता के लिए सस्पेंशन में सुधार कर सकती है।

**इनसे होगा मुकाबला**

Yezdi Roadster एक क्रूजर बाइक है, इस सेगमेंट में Royal Enfield Classic 350 and Meteor 350, Honda CB350 और CB350 H'ness मोटरसाइकिल से मुकाबला मिलेगा।

## ट्रायम्फ स्पीड 400 की कीमतें बढ़ीं, मिलते हैं शानदार कलर ऑप्शन समेत प्रीमियम फीचर्स



ट्रायंफ मोटरसाइकिल इंडिया ने भारत में नई बाइक थ्रक्सटन 400 लॉन्च की है। कंपनी ने 2025 स्पीड 400 की कीमतें भी बढ़ा दी हैं जिसमें 4177 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। अब इसकी एक्स-शोरूम कीमत 250551 रुपये हो गई है। मोटरसाइकिल में कोई बदलाव नहीं किया गया है इसका डिजाइन और कलर ऑप्शन पहले जैसे ही हैं। इसमें 398cc का इंजन है जो 39 hp की पावर देता है।

**नई दिल्ली।** ट्रायंफ मोटरसाइकिल इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी नई बाइक Thruxton 400 को लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी 2025 Speed 400 की कीमतों को भी बढ़ा दिया है। इसकी कीमत में बढ़ोतरी करने के अलावा और किसी भी तरह का अपडेट नहीं किया गया है। आइए जानते हैं कि 2025 Triumph Speed 400 की कीमत में कितनी बढ़ोतरी की गई है और यह किन खास फीचर्स के साथ आती है?

**कितनी बढ़ी कीमत?**

2025 Triumph Speed 400 की कीमत में 4,177 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसकी दाम में बढ़ोतरी होने के बाद इसकी एक्स-शोरूम कीमत 2.46 लाख रुपये से बढ़कर अब 2,50,551 रुपये हो गई है। इस मोटरसाइकिल में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। इसका डिजाइन और कलर ऑप्शन पहले जेसे ही है, जिसमें रेसिंग येलो, पर्ल मेटैलिक व्हाइट, फैंटम ब्लैक और रेसिंग रेड शामिल है।

**Triumph Speed 400 का इंजन**

इसमें 398cc सिंगल-सिलेंडर लिक्विड-कूल्ड इंजन का इस्तेमाल किया गया है। यह इंजन 39 hp की पावर और 37 Nm का टॉर्क जनरेट करता है। इसके इंजन को 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है। इसमें असिस्ट और स्लिपर क्लच भी दिया जाता है।

**Triumph Speed 400 के फीचर्स**

इसमें TR-सीरीज इंजन है जो यूरो 5 नियमों का पालन करता है। इसमें सुरक्षित राइडिंग के लिए इसमें राइड-बाय-वायर थ्रॉटल के साथ स्विच करने योग्य ट्रैक्शन कंट्रोल दिया गया है। इसके चेसिस हल्का है, जिसमें पीछे बोल्ट-ऑन सबफ्रेम और कास्ट एल्यूमीनियम स्विंग-आर्म दिया गया है।

इसके सस्पेंशन में 43 मिमी के अपसाइड-डाउन फोर्क और पीछे प्री-लोड एडजस्टेबल मोनो-शॉक दिया गया है। इसके आगे की तरफ 300 मिमी डिस्क के साथ रेडियल कैलिपर और पीछे 230 मिमी डिस्क दिया गया है। इसमें डुअल-चैनल ABS भी मिलता है।

Triumph Speed 400 में एनालॉग स्पीडोमीटर है जिसके साथ एक पूरा LCD डिस्प्ले भी मिलता है। लाइटिंग के लिए DRL के साथ पूरी LED हेडलाइट और खास रियर लाइट सिग्नेचर भी मिलता है।

## टाटा हैरियर के किस वेरिएंट में दिए गए हैं कौन-से फीचर? जानें आपके लिए कौन-सा बेस्ट

2025 टाटा हैरियर को छह वेरिएंट में पेश किया गया है जिसमें एडवेंचर X और एडवेंचर X प्लस दो नए वेरिएंट हैं। एसयूवी 2-लीटर डीजल इंजन से लैस है जो 6-स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों ट्रांसमिशन विकल्पों में उपलब्ध है। बेस-स्पेक मॉडल में 6 एयरबैग मिलते हैं जबकि टॉप-एंड वेरिएंट में 7 एयरबैग लेवल-2 ADAS सूट JBL ऑडियो सिस्टम और वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें जैसे प्रीमियम फीचर्स हैं।



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने हाल ही में Tata Harrier के दो नए वेरिएंट Adventure X और Adventure X+ को लॉन्च किया है। इन दो वेरिएंट के लॉन्च होने के बाद अब यह छह वेरिएंट में आती है, जो Smart, Pure X, Adventure X, Adventure X Plus, Fearless X और Fearless X Plus है। हम यहां पर आपको इन सभी वेरिएंट में मिलने वाले फीचर्स के बारे में विस्तार में बता रहे हैं। आइए जानते हैं कि Tata Harrier के वेरिएंट एक दूसरे कितने अलग है?

**1. Tata Harrier Smart**

यह वेरिएंट हैरियर का बेस-स्पेक ट्रिम है। इसमें कई बेहतरीन फीचर्स दिए गए हैं। इसमें सभी LED लाइटिंग एलिमेंट्स, अलॉय व्हील और 6 एयरबैग, ABS के साथ EBD और रियर पार्किंग सेंसर जैसे फीचर्स मिलते हैं। इस वेरिएंट में इंफोटेनमेंट सिस्टम नहीं मिलता है।

**2. Tata Harrier Pure X**

यह वेरिएंट बेस से ऊपर वाला वेरिएंट है। इस वेरिएंट को Dark एडिशन में भी पेश किया जाता है। इसमें बाहर की तरफ रूफ रेल्स और शार्क-फिन एंटीना के साथ ही 4-स्पीकर साउंड सिस्टम के साथ 10.25-इंच का इंफोटेनमेंट डिस्प्ले भी दिया जाता है। साथ ही डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले और एक पैनोरमिक सनरूफ भी मिलता है।

**3. Tata Harrier Adventure X**

यह हैरियर का नया वेरिएंट है। इसमें 6-तरफा पावर-एडजस्टेबल ड्राइवर सीट के साथ ही 6-स्पीकर साउंड सिस्टम, मल्टी-ड्राइव मोड्स और एक रियर डिफॉगर जैसे फीचर्स दिए जाते हैं। इस वेरिएंट को भी Dark Edition में पेश किया जाता है।

**4. Tata Harrier Adventure Plus**

यह वेरिएंट भी Adventure X की तरह ही हैरियर का नया वेरिएंट है। इसमें एडवेंचर X से कुछ ज्यादा सेफ्टी फीचर्स मिलते हैं। इसे भी Dark Edition में पेश किया जाता है।

**5. Tata Harrier Fearless X**

यह हैरियर का टॉप-स्पेक से ठीक नीचे वाला वेरिएंट है। इसमें कुछ ऐसी चीजों को शामिल किया गया है, जिससे इसे प्रीमियम लुक मिलता है। साथ ही इसमें कनेक्टेड LED लाइटिंग, एंबिएंट लाइटिंग, वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें, डुअल-जोन ऑटो AC जैसे कई बेहतरीन फीचर्स दिए जाते हैं। इस वेरिएंट को भी Dark Edition के रूप में ऑफर किया जाता है।

**6. Tata Harrier Fearless X Plus**

यह हैरियर का टॉप वेरिएंट है। इसमें कई प्रीमियम और बेहतरीन फीचर्स दिए जाते हैं। फियरलेस X प्लस के फीचर्स आपको एक प्रीमियम एसयूवी खरीदने जैसा महसूस कराते हैं। इस वेरिएंट को Dark और Stealth एडिशन में भी ऑफर किया जाता है। यह स्पेशल एडिशन खास कलर ऑप्शन और सिग्नेचर बैजिंग के साथ आते हैं।

**कितनी है कीमत?**

Tata Harrier को भारतीय बाजार में 15 लाख रुपये से 24.44 लाख रुपये की एक्स-शोरूम कीमत में ऑफर किया जा रहा है। भारत में इसका मुकाबला Jeep Compass और MG Hector के साथ-साथ Hyundai Creta और Kia Seltos के कुछ वेरिएंट से देखने के लिए मिलता है।

## ट्रायम्फ थ्रक्सटन 400 लॉन्च; डुअल-चैनल एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल और यूएसबी पोर्ट जैसे फीचर्स से है लैस

ट्रायम्फ ने भारतीय बाजार में Thruxton 400 लॉन्च की है जो स्पीड 400 के प्लेटफॉर्म पर आधारित है। कैफे रेसर स्टाइलिंग बेहतर एर्गोनॉमिक्स और अधिक पावर के साथ इसमें 398cc का इंजन है जो 42hp की पावर और 37.5Nm का टॉर्क देता है। इस बाइक में हाफ फेयरिंग क्लिप-ऑन बार और अन्य कई विशेषताएं हैं। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 2.74 लाख रुपये है।

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में Triumph Thruxton 400 को लॉन्च कर दिया गया है। इसे स्पीड 400 वाले प्लेटफॉर्म पर ही बनाया गया है। इसे कैफे रेसर को खास स्टाइलिंग, अपग्रेड एर्गोनॉमिक्स और थोड़ी ज्यादा पावर दिया गया है। आइए इसके बारे में विस्तार में जानते हैं कि इस बाइक को किन फीचर्स के साथ लेकर आया गया है।

**डिजाइन और राइडिंग पोजीशन**

Triumph Thruxton 400 का सबसे बड़ा बदलाव इसकी स्टाइलिंग में है। इसमें हाफ फेयरिंग, क्लिप-ऑन बार, बार-एंड मिरर, एक रिमोट ब्रेक रिजर्वायर, स्पीड 400 के गोल्डन की बजाय ब्लैक USD फोर्क और थ्रक्सटन बैजिंग तक दी गई है। इसके साइड पैनल और फ्रेस एल्यूमीनियम एक्सेंट दिया गया है। इसमें स्टैंडर्ड के रूप में सिंगल-सीट कॉन्फिगरेशन भी दिया गया है, जो एक रियर काउल के साथ पूरा होता है। इसमें एक पिलियन सीट भी मिलते हैं, जो एक ब्लैक ग्रैब रेल के साथ आती है।

इसके पीछे की तरफ सर्कुलर टेल-लाइट की जगह एक आयताकार यूनिट दी गई है। इसके फ्यूल टैंक के डिजाइन में हल्का बदलाव किया गया है, जिसमें Triumph लोगो के लिए एक नया इनसेट भी दिया गया है। बाइक की कमिटेड, आगे झुकी हुई राइडिंग पोजीशन के अनुरूप राइडर फुटपेग्स को भी बदल दिया गया है।

**इंजन और परफॉरमेंस**

Triumph Thruxton 400 में 398cc, लिक्विड-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन का इस्तेमाल किया गया है। यह इंजन 42hp की पावर और 37.5Nm पर टॉर्क जनरेट करता है। इसके इंजन को स्लिपर क्लच के साथ सिक्स-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है।

**चेसिस और फीचर्स**

Triumph Thruxton 400 में 140mm का सस्पेंशन ट्रैवल, 1376mm का व्हीलबेस, 158mm का ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है। इसमें वर्टिकल रेव काउंटर और एक गियर पोजीशन इंडिकेटर के साथ वही डिजी-एनालॉग इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है। इसमें डुअल-चैनल ABS, ट्रैक्शन कंट्रोल, USB चार्जिंग पोर्ट भी दिया गया है।

**कितनी है कीमत?**

Triumph Thruxton 400 को भारत में 2.74 लाख रुपये की एक्स-शोरूम कीमत में लॉन्च किया गया है। भारतीय बाजार में इसका मुकाबला Royal Enfield Continental GT 650 जैसी बाइक से देखने के लिए मिलेगा। हालांकि यह पूरी तरह से अलग इंजन कॉन्फ़िगरेशन, एक एयर और ऑयल-कूलिंग के साथ पैरेलल-ट्विन सेटअप के साथ आती है।










# भारत के शीर्ष स्कूल बोर्डों में अंग्रेजी को अलग तरह से कैसे पढ़ाया जाता है



विजय गर्ग

अंग्रेजी, भारतीय शिक्षा बोर्डों में मुख्य विषयों में से एक सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) और आईसीएसई (भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाण पत्र) द्वारा अलग-अलग सिखाया और परीक्षण किया जाता है। और जबकि दोनों बोर्डों का उद्देश्य भाषा कौशल का निर्माण करना है, दृष्टिकोण, गहराई और अपेक्षाएं बिल्कुल भिन्न होती हैं।

सीबीएसई वीएस आईसीएसईः बुक द्वारा अंग्रेजी (एस) जबकि सीबीएसई भारत का सबसे व्यापक स्कूल बोर्ड है, सीआईएससीई द्वारा शासित आईसीएसई को अक्सर माता-पिता द्वारा ₹समृद्ध₹ भाषा पाठ्यक्रम की मांग करते हुए चुना जाता है। लेकिन ये मूल्य निर्णय नहीं हैं; वे मौलिक रूप से विभिन्न शैक्षणिक दर्शन के प्रतिबिंब हैं।

सीबीएसई अंग्रेजी आमतौर पर एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का अनुसरण करती है, जो सुव्यवस्थित, व्यावहारिक और राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के साथ निकटता से गठबंधन किया जाता है। आईसीएसई अंग्रेजी को दो पत्रों में विभाजित किया गया हैः भाषा और साहित्य, और अपनी साहित्यिक गहराई के लिए जाना जाता है और औपचारिक व्याकरण पर ध्यान केंद्रित करता है। 'आईसीएसई को उम्मीद है कि छात्र लाइनों के बीच पढ़ेंगे। सीबीएसई में, यह लाइनों को स्पष्ट रूप से समझने के बारे में अधिक है, 'एक अंग्रेजी शिक्षक रितु भटनागर कहती हैं, जिन्होंने 18 वर्षों से दोनों बोर्डों को पढ़ाया है।

**शिक्षण शैलीः अभिव्यक्ति बनाम दक्षता**

आईसीएसई कक्षाओं में, छात्रों को अक्सर लंबे समय तक लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, अधिक वर्णनात्मक उत्तर न केवल वे क्या जानते हैं, बल्कि वे इसे कितनी अच्छी तरह से स्पष्ट कर सकते हैं। ₹आईसीएसई लेखन में आत्मविश्वास बनाता है

दूसरी ओर, सीबीएसई संरचित, परीक्षा-उन्मुख प्रारूपों को बढ़ावा देता है। उत्तर संक्षिप्त और प्रासंगिक होने की उम्मीद है, अक्सर बुलेट पॉइंट या छोटे पैराग्राफ में।



विजय गर्ग ने कहा, 'सीबीएसई अंग्रेजी ने मुझे सीयूईटी को आसानी से क्रैक करने में मदद की क्योंकि मुझे समझ के सवालों और तेजी से लिखने वाले प्रारूपों का इस्तेमाल किया गया था

सहायताः कैसे बोर्ड भाषा कौशल का अध्ययन करते हैं आईसीएसई आकलन व्याख्या और रचनात्मकता का पक्ष लेते हैं। भाषा के पेपर में, 20 अंक अकेले रचना लेखन के लिए आरक्षित हैं, जहां रचनात्मकता और सामंजस्य ₹सही₹ उत्तरों से अधिक है। साहित्य में, आईसीएसई अक्सर कल्पना, विडंबना या प्रतीकवाद जैसे साहित्यिक शब्दों के साथ पाठ्य विश्लेषण की उम्मीद करता है।

सीबीएसई, हालांकि, स्पष्टता पर झुक जाता है। सीबीएसई अंकन योजना के अनुसार, 2024 कक्षा 10 की अंग्रेजी भाषा और साहित्य परीक्षा में, पढ़ने की समझ में 20 अंक थे, और साहित्य खंड काफी हद तक लघु-उत्तर आधारित थे।

उच्च शिक्षा और देखभाल करने वालों पर प्रभाव एक सामान्य मिथक है कि आईसीएसई अंग्रेजी ₹आपको बेहतर बोलने में मदद करती है₹ या सीबीएसई ₹आपको परीक्षा के लिए तैयार करता है₹ दोनों आंशिक रूप से सच है, लेकिन न तो पूरी तरह से सटीक है।

जेईई, नीट युजी या सीयुईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए, सीबीएसई का प्रारूप बहुविकल्पीय और समयबद्ध आकलन के साथ अधिक निकटता से संरेखित करता है। मानविकी के उम्मीदवारों या कानून, उदार कला, पत्रकारिता या अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन में करियर बनाने वालों के लिए, आईसीएसई का प्रारंभिक साहित्यिक प्रशिक्षण एक संपत्ति हो सकती है।

काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन की 2023 की एक रिपोर्ट से पता चला है कि आईसीएसई के छात्रों ने अंग्रेजी में औसतन 84% स्कोर किया, जबकि सीबीएसई का औसत अंग्रेजी स्कोर 77% था। हालांकि, सीबीएसई के छात्रों का विज्ञान और गणित में उच्च प्रदर्शन था। बोर्ड प्रत्यक्ष तुलनात्मक डेटा जारी नहीं करते हैं, लेकिन ये रुझान अलग-अलग ताकत को दर्शाते हैं।

पेटेंट और छात्र विकल्पः ड्राइविंग निर्णय क्या है? मेट्रो शहरों में, आसान स्थानान्तरण, राष्ट्रीय मानकीकरण और कोचिंग संस्थानों की उपलब्धता के कारण माता-पिता की बढ़ती संख्या सीबीएसई स्कूलों का चयन कर रही है। लेकिन कुछ भारी कार्यभार के बावजूद आईसीएसई मार्ग लेने के लिए तैयार हैं। 'हमने आईसीएसई को चुना क्योंकि हम चाहते थे कि हमारे बेटे को भाषा पर कमान मिले, न कि केवल स्पष्ट परीक्षा,'

अन्य लोग सीबीएसई चुनने के व्यावहारिक कारणों का हवाला देते हैं। 'मेरी बेटी दवा का पीछा करना चाहती है। सीबीएसई अंग्रेजी पर कम तनावपूर्ण है, जो उसे विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करने का समय देता है

कोई 'बेहतर', बस अलग शिक्षाविद् सर्वसम्मति से एक बिंदु पर सहमत होते हैंः अंग्रेजी, बोर्ड की परवाह किए बिना, संचार, समझ और महत्वपूर्ण सोच के लिए एक उपकरण होना चाहिए।

'दोनों बोर्डों का उद्देश्य छात्रों को अपने तरीके से भाषा-कुशल बनाना है। पसंद बच्चे के हितों, क्षमताओं और भविष्य की योजनाओं पर निर्भर होना चाहिए,' अनुराधा मेनन, अकादमिक सलाहकार और पूर्व स्कूल प्रिंसिपल कहती हैं।

चाहे आपका बच्चा एक सॉनेट को क्राफ्टिंग कर रहा हो या एक कुरकुरा अखबार की रिपोर्ट तैयार कर रहा हो, जो मायने रखता है वह सिर्फ बोर्ड नहीं है, बल्कि स्कूल और घर पर उन्हें मिलने वाला समर्थन है।

# दुख और जीवन की प्राथमिकताएँ

विजय गर्ग

मनुष्य के जीवन में दुख एक अनिवार्य अनुभव है। हम सभी किसी-न-किसी मोड़ पर दुख का सामना करते हैं। लेकिन क्या हर दुख हमें कुछ सिखा पाता है? इस तस्वीर पर लिखा है कि "दुख, अगर ये न सिखा पाए कि जीवन में प्राथमिकता क्या है, तो मित्र अभी ढंग से दुख देखा नहीं तुमने।" यह कथन हमें सोचने पर मजबूर करता है कि असली दुख वही है, जो हमारे जीवन को बेहतर समझने, प्राथमिकताएँ तय करने और आगे बढ़ने की राह दिखाए।

दुख केवल पीड़ा नहीं है—यह एक शिक्षक भी है। जब हम दुख भोगते हैं, तब वे चीज़ें जो हमारे लिए वास्तव में महत्त्वपूर्ण हैं, चमकने लगती हैं। कभी परिवार, कभी मित्र, कभी स्वास्थ्य और कभी अपने मूल्यों की अहमियत हमें दुख के क्षणों में ही महसूस होती है। दुख, हमारे जीवन में व्यर्थ चीजों का भेद खोलता है, सतही चीजों और सच्ची खुशियों का फर्क दिखाता है।



अगर कोई व्यक्ति दुख सहन कर भी जीवन की प्राथमिकता नहीं समझ पाया, तो समझना चाहिए कि उसने अब तक दुख की गहराई को ठीक से महसूस ही नहीं किया है। उदाहरण के लिए, असफलता के बाद अगर कोई संकल्प और दिशा न बदले, तो वह असली सबक नहीं सीख पाया। इसी तरह जीवन की दौड़ में अकसर उन लोगों या चीज़ों को नजरअंदाज करते हैं, जो हमें सचमुच खुश रखते हैं। दुख हमें ठहरकर सोचने, आत्ममंथन और जीवन के सही अर्थों को पहचानने का मौका देता है।

अंततः, दुख जीवन की कक्षा है, जहाँ मिलता सबसे गहरा पाठ। हमें अपने दुखों का विश्लेषण करना चाहिए कि उन्होंने हमें क्या सिखाया, कौन-सी प्राथमिकताएँ जीवन में चुनी, और क्या पहले से बेहतर इंसान बने? वही दुख सार्थक है, जिसने हमें भीतर से मजबूत बनाया और जीवन की दिशा दी। तो अगली बार जब जिंदगी में दुख आए, तब डरने नहीं, सीखने के लिए तैयार रहिए।

दुख को केवल पीड़ा न समझिए, उसे एक अवसर मानिए, अपने जीवन की प्राथमिकता जानने और खुद को नया रूप देने का। यही असली जीवन है!

# सुंदर राजकुमारी और सात बौनों की कहानी

विजय गर्ग

परी कथा किसी भी देश की सांस्कृतिक प्रतीक होती है। कोई लेखक अपने समाज को अच्छाई, मासूमियत और प्रेम की जीत का संदेश देना चाहता है तो वह बच्चों के लिए परी कथा लिखता है। यूरोपीय देशों के बच्चों के लिए 19वीं सदी में ऐसी ही एक परी कथा लिखी ग्रिम ब्रदर्स (जैकब और विल्हेम ग्रिम) ने जिसकी मुख्य किरदार है स्नो वाइट । यूरोप की सर्दी में बर्फ को देखते हुए एक रानी बर्फ जैसी सफेद रंग की बिटिया की प्रार्थना करती है। कुदरत रानी की प्रार्थना सुन लेती है। रानी की गोद में ऐसी बच्ची आती है जिसकी त्वचा बर्फ जैसी सफेद तो बाल बादलों जैसे काले हैं। होठ गुलाब की पंखुड़ियों की तरह। बेटी की सुंदरता पर फिदा होकर रानी ने उसका नाम स्नो वाइट रखा। बच्ची के जन्म के कुछ ही दिन बाद रानी का देहांत हो जाता है और राजा दूसरी शादी कर लेता है।



स्नो वाइट की परवरिश अब उसकी सौतेली मां के हाथों होती है जो बहुत क्रूर और घमंडी है। रानी अपने दर्पण से पूछती है, 'दर्पण दर्पण, बोल तू, सबसे सुंदर कौन है ?' दर्पण जवाब में रानी को ही सबसे सुंदर कहता था। एक दिन दर्पण ने रानी के रोज के सवाल पर कहा कि सबसे सुंदर स्नो वाइट है। यह सुन कर रानी ईर्ष्या से जल जाती है। वह एक शिकारी को बुला कर आदेश देती है कि स्नो वाइट को जंगल में ले जाकर मार दे और उसके फेफड़े व जिगर लेकर लाए। शिकारी का दिल स्नो वाइट पर पसीज जाता है। वह स्नो वाइट को छोड़ देता है। वह रानी के पास एक हिरण का फेफड़ा और जिगर लेकर पहुंच जाता है।

जंगल में स्नो वाइट को सात बौने अपने घर ले जाते हैं। स्नो वाइट बौनों के साथ उनके परिवार की सदस्य की तरह रहने लगती है। जादुई दर्पण ही रानी को जानकारी देता है कि स्नो वाइट अभी तक जिंदा है। यह जानकारी मिलने के बाद रानी स्नो वाइट को मारने की कोशिश करती है। दो बार तो बौने रानी की साजिशों से स्नो वाइट को बचाने में कामयाब हो जाते हैं। तीसरी बार रानी स्नो वाइट को खाने के लिए जहरीला सेब देती है जिसे खाकर स्नो वाइट के दिल की धड़कन रुक जाती है। इस बार बौने उसे बचा नहीं पाते हैं।

दुखी बौने स्नो वाइट के निर्जीव शरीर को कांच के एक ताबूत में रखते हैं । उसी समय जंगल से एक राजकुमार गुजरता है। निर्जीव अवस्था में भी स्नो वाइट इतनी सुंदर लग रही थी कि राजकुमार को उससे प्यार हो जाता है। राजकुमार स्नो वाइट को चूमता है। राजकुमार के चुंबन से स्नो वाइट के शरीर से जहरीले सेब का असर खत्म हो जाता है और वह जिंदा होकर उठ बैठती है। राजकुमार और स्नो वाइट की शादी हो जाती है। शादी के समारोह में ही रानी की मौत हो जाती है । ग्रिम ब्रदर्स के मूल संस्करण को डिज्नी ने रूपहले बाल कथा में रूपांतरित किया। डिज्नी की फिल्म 'स्नो व्हाइट एंड द सेवन ड्वार्क्स' दुनिया की पहली लंबी अवधि की कार्टून फिल्म थी। इस फिल्म के जरिए इस कहानी ने दुनिया भर में लोकिप्रियता पाई । आज स्नो वाइट परी कथाओं की अमर किरदार है।

# विसंगतियों में उलझा आधुनिक जीवन

क्या तथाकथित तथ्य-तर्क आधारित विज्ञान तथा इसके आधार पर प्रसारित आधुनिकता ऐसा होने, घटने की पुनरावृत्ति को रोक पाने में समर्थ है? उत्तर है नहीं। निष्कर्ष ये है कि आधुनिकता ने ही शताब्दियों से विसंगति में ढलकर मानव व मानवता को ऐसी दुर्दशा में पहुंचाने का कार्य किया है। ऐसे में आगे की राह, दिशा तथा लक्ष्य कर्ताधर्ताओं के विचारों व कल्पनाओं में ओझल है। विज्ञान, प्रगति, उद्योगों के फलस्वरूप प्रकट आत्मघाती आधुनिक जीवन में चहुंदिश संतुलन, समायोजन एवं उपयुक्तता की अपेक्षा नहीं



तथाकथित तथ्य समर्थकों तथा तर्क पक्षकारों द्वारा विश्व में औद्योगिकीकरण आरंभ होने से लेकर अब तक यही मान्यता अपने कथनों-कर्मों द्वारा बारंबार स्थापित की जाती रही है कि विज्ञान ही मानवीय प्रगति का सर्वोत्तम साधन है। ऐसे लोगों द्वारा स्थापित यह धारणा विगत एक-दो दशकों से इस आधार पर अत्यधिक संदिग्ध हो चुकी है कि बीस वर्षों में मानव व मानवता का कल्पना से अधिक पतन हुआ है। क्या वैज्ञानिक प्रगति के परिणाम में हुए व हो रहे मानवीय पतन को प्रगति के ऐसे प्रदर्शक के रूप में देखा जाए कि लोगों द्वारा उसका अनुसरण होता रहे अथवा अब इसके विरोध में लोक समाज मुखर होकर सामने आए? गत तीन-चार सौ शताब्दियों से उद्योगों द्वारा तैयार उत्पादन तथा उत्पादन के वैश्विक व्यापार के अनुरूप चालित विश्व के देशों का शासन, समाज, परिवार और लोग मानवता के आधार पर निहित क्रियाकलापों, आचरण और पारस्परिक कल्याणकारी व्यवहार से विमुख हो चुके हैं। इस जीवन-चालन में मानव व मानवता ही खंड-खंड नहीं हुई, अपितु मानव के लिए प्राकृतिक रूप में विद्यमान पृथ्वी, व्योम, वायु, जल, वन-वनस्पतियां, पर्वत-पठार, सरिताएं, समुद्र इत्यादि सभी तत्त्व भी इस सीमा तक विकृत हो चुके हैं कि अब जीवन का अस्तित्व ही पूर्ण रूप से असुरक्षित तथा असंतुलित हो चुका है। ऐसी असुरक्षा तथा असंतुलन के परिणाम में उत्पन्न प्राकृतिक व सामाजिक विकृतियों के लिए उद्योगपति, शासक तथा नागरिकों व उपभोक्ताओं के रूप में लोग भी दोषी हैं।

ऐसे जीवन अभ्यास को करते-करते मानव समाज को चार-पांच सौ वर्ष हो चुके हैं। अतः इसे अब शासन द्वारा नियमों के द्वारा थामा नहीं जा सकता है। उद्योगपति अपने-अपने परिवारों व प्रियजनों के साथ इस अभ्यास के दुष्परिणामों से पीड़ित होकर सैद्धांतिक रूप में तो इसके विरोध में हैं, किंतु व्यवहार में उन्हें इस आधार पर पूर्वनिर्धारित धनार्जन का लालच इसे चलाए रखने के लिए ही दुष्प्रेरित कर रहा है। विश्व के शासन व शासक पूर्णतः उद्योगपतियों की छत्रछाया में ही चलते रहे हैं। अतः वे भी आधुनिकता के दुष्परिणामों से उद्योगपतियों की ही भांति पीड़ित हैं। वे भी उनकी भांति किंकत्तर्व्यविमूढ़ हैं। वे दुष्परिणामों से परिचित होने के बाद भी अपने शासन को चलाए रखने के लिए उन पर नियंत्रण की कार्यनीतियां नहीं बनाते हैं। वे निहित स्वार्थों, हितों एवं चमत्कारिक महत्त्वाकांक्षाओं के सच होने की प्रतीक्षा में दिन-रात व्यतीत कर रहे हैं। विगत दिनों भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात देशों की यात्रा पर थे। अपनी यात्रा की समयावधि में उन्होंने किसी देश में वक्तव्य दिया कि अंतरिक्ष में जाना, आधुनिकता का विस्तार करना या होना तथा विज्ञान के आधार पर प्रगति करने का तात्पर्य यह नहीं है कि विश्व के शासक व लोग मानवता के आधार पर सुनिश्चित पारस्परिक कल्याणकारिता के भाव, विचार व आचरण से विमुख हो जाएं। भारतीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी किसी मंच पर अपनी सेवानिवृत्ति के बाद की अपनी कार्ययोजनाओं के संबंध में वक्तव्य दिया है कि वे सेवानिवृत्ति के बाद प्राकृतिक कृषिकर्म करेंगे। भारत के प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री के इन दो वक्तव्यों से स्पष्ट हो जाता है कि उनकी भांति विश्व के विचारवंत शासक विज्ञान व उद्योग आधारित प्रगति एवं आधुनिकता के अति भयंकर दुष्परिणामों से भली-भांति परिचित तो हैं, किंतु वे उद्योगपतियों की महत्त्वाकांक्षाओं तथा लोगों की उपभोक्तावादी बुरी लतों के समक्ष निरुपाय हैं। वे प्राकृतिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक होने के अपने व्यक्तिगत दृष्टिकोण को देश व समाज पर नियम बनाकर लागू नहीं कर पा रहे हैं। आशय यह है कि वे भी मानव व मानवता के सिर पर मंडरा रही उद्योगों तथा आधुनिकता की विवशताओं को समाप्त करने की स्थिति में नहीं हैं। वे भी इनके वशीभूत होकर, शासक बनकर समय व्यतीत कर रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री के नेतृत्व में भारतीय शासन सुशासन की श्रेणी में आता है, भारत की नीतियां प्रत्यक्ष रूप में लोक विरोधी प्रतीत नहीं होतीं, वर्तमान समय में देश की राजनीतिक विचारदृष्टि लोककल्याण से संचित है, किंतु सत्य ये है कि भारत देश का ऐसा शासन-तंत्र अर्थव्यवस्था के स्वरूप में दुनिया के शासन-तंत्रों के प्रभाव व नियंत्रण में है और दुनिया का शासन तंत्र उद्योग, प्रगति, विज्ञान, आधुनिकता के विसंगत विरोधाभासों तथा आत्मघाती क्रियाकलापों के जंजाल में उलझा हुआ है। अतः प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में सामाजिक, प्राकृतिक, आध्यात्मिक तथा पारंपरिक कृषकीय सिद्धांतों को आत्मसात करके भी वे देश व इसके लोगों को उसी भांति चलाने को विवश हैं जिस भांति विश्व चल रहा है।

ऐसे में आगे भविष्य के दिवस असुरक्षा के बोध से ही भरे हुए हैं। मानव का प्राकृतिक जीवन अप्राकृतिक होकर प्रतिक्षण भयाक्रांत असुरक्षित बना हुआ है। प्रतिदिन नई-नई रोग-व्याधियां बढ़ रही हैं। दुर्घटनाएं हो रही हैं। घर से लेकर डिजिटल मंचों तक चोरियों-डकैतियों में वृद्धि हो रही है। हत्याएं तथा आत्महत्याएं हो रही हैं। नारी मान व गरिमा का पशवुत ढंग से मर्दन हो रहा है। क्रूर महत्त्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए पारिवारिक-सामाजिक संबंधों में विकृतियां बढ़ रही हैं। विश्व स्तर पर विभिन्न देशों द्वारा एक-दूसरे की भूमि पर अतिक्रमण करने के लिए निरंतर युद्ध किए जा रहे हैं। युद्धों में नाभिकीय व रासायनिक अस्त्रों के प्रयोग के कारण पर्यावरण में फैल रहे उनके अपशिष्ट से विषोत्सर्जन हो रहा है। खाद्यान्न उपज को बढ़ाने के लिए उसमें स्वास्थ्यघाती रसायनों का मिश्रण किया जा रहा है।

शिक्षा तथा चिकित्सा सेवाओं की आड़ में साधारण नागरिकों एवं व्यक्तियों के साथ नाटकीय ढंग से लूटपाट की जा रही है। अधिसंख्य किशोर व युवा दिग्भ्रमित होकर मदिरा, मद्यपान तथा मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। पारिवारिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत मान-मर्यादाएं, आचार-व्यवहार, लोक व्यवहार सभी कुछ अराजक व असभ्य ढंग से तिरोहित हो रहा है। क्या तथाकथित तथ्य-तर्क आधारित विज्ञान तथा इसके आधार पर प्रसारित आधुनिकता ऐसा होने, घटने की पुनरावृत्ति को रोक पाने में समर्थ है? उत्तर है नहीं। निष्कर्ष ये है कि आधुनिकता ने ही शताब्दियों से विसंगति में ढलकर मानव व मानवता को ऐसी दुर्दशा में पहुंचाने का कार्य किया है। ऐसे में आगे की राह, दिशा तथा लक्ष्य कर्ताधर्ताओं के विचारों व कल्पनाओं में ओझल है। विज्ञान, प्रगति, उद्योगों के फलस्वरूप प्रकट आत्मघाती आधुनिक जीवन में चहुंदिश संतुलन, समायोजन एवं उपयुक्तता की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। जिस प्रकार मनुष्य दिन-प्रतिदिन आधुनिकता के विषदंशों के साथ शारीरिक-मानसिक युद्ध कर रहा है, उस स्थिति में आधुनिक जीवन का पक्षसमर्थन करने के लिए एक भी उचित कारण नहीं है। विकृत समस्याओं से युक्त आधुनिक जीवन से जैसी अपेक्षाएं की गई थीं, वे तो पूर्ण हुई नहीं, विपरीत मानव का प्राकृतिक जीवन एवं दिनचर्या भी ध्वस्त हो चुकी है। इस परिस्थिति में क्या मानवीय जीवन को पुनः प्राकृतिक बनाया जा सकता है? क्या आधुनिकता का अति सीमित अल्प सहारा लेकर ही जीवन-यात्रा में प्रकृति के अनुसार रहा जा सकता है? मानव यदि ऐसे प्रश्नों में रुचि लेगा तो उसे फलदायी उत्तर भी अवश्य ही मिलेंगे।

# बरसात में कपड़े गंध के दायरे



विजय गर्ग

बरसात का इंतजार तो बहुतों को रहता है और लोग इसका आनंद भी उठाते हैं, लेकिन साथ ही एक समस्या यह आती है कि रोजमर्रा के या किसी वजह से घर से बाहर निकले होने पर कोई बारिश की पकड़ में आ गया तो भीगे हुए कपड़ों को सुखाना उसके लिए एक चुनौती हो जाती है। घर में रोजमर्रा के कपड़े भी हो सकते हैं, जो गंदे होने पर भिगोए और धोए जाते हैं । फिर अगर धूप नहीं निकल रही हो या लापरवाही के कारण, कपड़ों को भीगी हुई हालत में ही घर के किसी कोने में या टब में रख दिया जाए, तो एक नई समस्या यह पैदा हो जाती है कि कपड़े ठीक से सूख नहीं सकेंगे और उनमें से बदबू भी आने लगती है। ऐसे में कुछ नुस्खों को याद रखना जरूरी है, ताकि ऐसी असुविधा से बचा जा सके।

**बेकिंग सोडा और सिरका**

बेकिंग सोडा नमी और गंध को सोखने में मददगार है। इसे डिटर्जेंट के साथ मिलाकर या कपड़ों को धोने के बाद जिप लाक थैले में डालकर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस क्रम में कपड़ों को भिगोने से पहले पानी में आधा कप सफेद सिरका मिला लेना चाहिए। इससे कपड़े नरम होंते हैं और उनमें सीलन की गंध दूर हो जाती है। साथ ही अगर सुविधा हो तो कपड़ों को धोने के बाद एक बाल्टी पानी में बेकिंग सोडा मिला लेना चाहिए और इस पानी में कपड़ों को थोड़ी देर के लिए छोड़ देना चाहिए। सिरका कपड़ों से बदबू और बैक्टीरिया को दूर करने में मदद करता है। इसे डिटर्जेंट के साथ मिलाकर या कपड़ों को धोने के बाद सिरके के पानी में भिगोकर इस्तेमाल किया जा सकता है।

**नीबू का दम**

नीबू में मौजूद प्राकृतिक एसिड की बदबू और जीवाणुओं को खत्म करने में मदद करता है । इसलिए इसे धोने के पानी में मिलाकर या सीधे कपड़ों पर लगाकर भी इस्तेमाल किया जा सकता । कपड़ों की बदबू दूर करके उन्हें खुशबूदार बनाने के लिए नीबू काफी मदद कर सकता है । एक साधारण प्रक्रिया यह हो सकती है कि कपड़े धोने के बाद एक बाल्टी पानी में नींबू का रस मिलाकर अच्छे से मिला लिया जाए। अब धुले कपड़ों को एक बार इस पानी में डालकर बाहर निकाल लिया जाए। नींबू में पाए जाने वाले तत्त्व कपड़ों की बदबू और जीवाणुओं का खात्मा कर देते हैं। इससे कपड़े से बरसात के सीलन की गंध भी दूर होती है।

**सही से सुखाना**

तमाम नुस्खों पर भारी है यह नुस्खा। अगर भीगे कपड़ों को ठीक से फैला कर नहीं सुखाया जाए तो उसमें बदबू बनी रह जा सकती है। इसलिए अगर बारिश के दिनों में धूप न निकले तो कमरे के भीतर पंखे के नीचे या फिर बरसात के पानी को रोकने वाली छत के नीचे खुली जगह पर कपड़े फैलाए जा सकते हैं। कमरों में हवा की आवाजाही का ध्यान रखने की जरूरत है। एक्जास्ट पंखे भी लगाए जा सकते हैं। अगर बरसात की निरंतरता के बीच धूप थोड़ी देर के लिए भी आए तो कपड़ो में धूप लगा लेना चाहिए।

**ढेर की मुश्किल**

सबसे आम देखा जाता है कि बरसात में लोग लापरवाही या सुविधा न होने की वजह से गीले कपड़ों का ढेर लगाते चले जाते हैं। वह कोई टब या बाल्टी या कोई अन्य चीज या अलमारी हो सकती है या फिर घर के ही किसी कोने में गीले कपड़ों का ढेर लगा दिया जाता है। एक-दो दिनों में ही उसमें नमी का दायरा फैलता है और सीलन की बदबू आने लगती है।

# राष्ट्रीय समस्या बनती कुत्ता काटने की खूनी घटनाएं?

डॉ. रमेश ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठतम नेता विजय गोयल ने कटखने कुत्तों से उत्पन्न हुई समस्याओं पर अंकुश लगवाने के लिए न सिर्फ अभियान छेड़ा हुआ है, बल्कि कुछ महीने पहले जंतर-मंतर पर धरना भी दिया था। आवारा और कटखने कुत्तों का आतंक पिछले कुछ समय से समूचे देश में तेजी से फैला है। रोजाना कुत्तों के हमले से जुड़े सैकड़ों मामले सामने आ रहे हैं। पिछले सप्ताह में दिल्ली-एनसीआर में दर्जनों ऐसी घटनाएं घटी जहां राह चलते लोगों पर कुत्तों ने जानलेवा हमला किया. दिल्ली में ऐसे दो हजार कटखने कुत्तों को नगर निगम ने चिन्हित किया है। देश भर में ऐसे कुत्तों का आंकड़ा 32 लाख से भी ज्यादा बताया गया है।

वर्ष 2016 में कटखने कुत्तों के आतंक से निजात के लिए केंद्र सरकार से लेकर तमाम राज्यों की सरकारों ने 'स्ट्रीट डॉग्स शेल्टर' बनाए जाने की योजना बनाई थी। कुछके राज्य इस दिशा में आगे बढ़े, बाकी राज्य निल बटे सन्नाटा रहे। कुल मिलाकर कागजी प्रयासों मात्र से विकराल रूप धारण कर चुकी यह समस्या नहीं सुलझेगी. इस गंभीर मुद्दे को संसद सत्र जैसे मंचों पर रखकर कोई कारगर

कानून बनाए जाने की जरूरत है। अंकुश लगाने के लिए व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें जागरूकता, जिम्मेदार पालतू पशुपालन, नसबंदी और टीकाकरण कार्यक्रम और पशु नियंत्रण शामिल हैं।

डॉग्स नसबंदी और एंटी रैबीज वैक्सीनेशन की भी कोई कमी नहीं है, बावजूद इसके आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुत्तों के काटने की घटनाओं ने लोगों को खासा भयभीत किया हुआ है। यही कारण है कि डर से लोगों ने सुबह की सैर करना और बच्चों ने पार्क में खेलना तक बंद कर दिया है। बीते सोमवार की ही घटना है जब गुरूग्राम में सुबह पार्क में टहल रही महिला पर एक पालतू कुत्ते ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ऐसी घटनाएं अब आम हो गई हैं। पूरे देश में रोजाना करीब 8 हजार मामले दर्ज होते हैं जिनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब राज्य प्रमुख हैं।

ये खबर निश्चित रूप सुखद कही जाएगी कि पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्याओं को लेकर अपनी ही सरकार को आईना दिखा रहे हैं। ऐसा कदम अन्य दलों के नेताओं को भी उठाना चाहिए ताकि समस्या का निजात जल्द निकल सके। उन्होंने अपनी सरकार को चेतावनी भी दी है कि अगर कोई कदम नहीं उठाया गया तो वो जनआंदोलन भी छेडेंगे।

पशु-अधिनियम कानूनों में बदलाव की अब सख्त जरूरत है। पुरानी चरमराती व्यवस्था में बदलाव करना होगा। कटखने और आवारा पशुओं को पकड़कर कर एकांत शहरों से कहीं दूर-दराज क्षेत्रों में ले जाकर सुरक्षित ढंग से रखने की व्यवस्था बनाई जाए जहां उन्हें एंटी रैबीज इंजेक्शन दिया जाए जिससे उनके भीतर विष को नष्ट किया जाए। और सबसे जरूरी कदम, शहरों में नॉन वेज की दुकानों के आसपास से कुत्तों को हटाया जाए जिससे वह ज्यादा हिंसक होते हैं क्योंकि लोग मांस की हड्डिया इधर-उधर फेंकते हैं जिसको लेकर कुत्ते आपस में लड़ते हैं जो इनके हिंसक होने का बड़ा कारण है। भय इस कदर व्याप्त है कि कुत्ता पकड़ने जैसे काम में कोई हाथ तक नहीं डालना चाहता। कुत्तों को पकड़ने का जिम्मा नगर निगम के पशुधन विभाग का होता है जहां कर्मचारियों का हमेशा टोटा रहता है। कोई भी कर्मचारी इस विभाग में अपनी सेवाएं देने को राजी नहीं है. जो आते भी हैं तो वह ज्यादा रुचि नहीं लेते?

बहरहाल, आवारा कुत्ते ही नहीं, छुट्टा पशुओं के चलते भी नई किस्म की इस आफत ने आतंक मचाया हुआ है। पशु हिंसक क्यों हो रहे हैं? ये एक अनसुलझी पहेली बन गई है। हालांकि, ये भी तथ्य है कि पशु जब तक खूंटे से बंधे होते हैं या मालिकों के कैद में होते हैं, अ-हिंसक रहते हैं पर जैसे ही छूटते हैं, एकाएक खूंखार हो जाते हैं। हिंसक कुत्ते अब बाकायदा झुंड में रहते हैं। सड़कों और मोहल्ले की गलियों में चलना तक दूभर हो गया है। गली, चौक-चौराहों पर अक्सर देखने को मिलता है कि कुत्तों का झुंड रास्ता घेरे बैठे हैं। बच्चों पर कुत्ते ज्यादा अटैक करने लगे हैं। पिछले वर्ष दिल्ली की घटना ने सबको झकझोर दिया था जहां एक मासूम को दिनदहाड़े दो कुत्तों ने मिलकर चबा दिया था। बचाव में दौड़े उसके बड़े भाई को लहूलुहान कर दिया था।

अक्सर, दिन ढलने के बाद कुत्ते और भी खूंखार हो जाते हैं। स्कूटी व अन्य गाड़ियों के पीछे कुत्तों का दौड़ लगाना भी आम हो गया है। कुछ समय की घटना है जब जयपुर में टयूशन पढकर स्कूटी से वापस घर लौट रही 10वीं की छात्रा के पीछे आवारा कुत्ते दौड़ पड़ते हैं जिससे उसकी स्कूटी सामने आ रही कार से जा टकराई। घटना में उसकी एक टांग और रीड की हड्डी टूट गई। ऐसी घटनाओं को देखकर भी नगर निगम के अधिकारियों की नींद नहीं टूटती? हिंसक जानवरों पर नकेल कसने की दरकार अब ज्यादा होने लगी है। चाहें इसके लिए कानून बनाना पड़े, या कोई और आधुनिक व्यवस्था करनी हो, गंभीरता से विमर्श किया जाना चाहिए। घटनाएं कोई एकाध जगहों पर नहीं, देशभर में घट रही हैं। हाल में दिल्ली, हैदराबाद, बठिडा, बरेली, देहरादून जैसे जगहों पर कुत्तों द्वारा मासूम बच्चों पर हमले और उन्हें मारने की घटनाओं ने सबको झकझोरा है। कभी छिटपुट घटनाएं आम हुआ करती थी जिस पर रेबीज के टीके या घरेलू उपचारों से मरीज ठीक हो जाया करते थे पर अब ऑन स्पॉट कुत्ते जान लेने लगे हैं। तात्कालिक रूप से हुकूमत या प्रशासनिक स्तर पर कोई हल निकले, इसकी भी संभावनाएं नहीं दिखती? घटनाओं पर अगर उदासीनता ऐसी ही रही तो ना जाने कितने लोग आवारा कुत्तों का निवाला बन जाएंगे। मरीजों की संख्याओं का इजाफा अस्पतालों में एकाएक बढ़ा है। कई बार तो रैबीज के इंजेक्शन अस्पतालों में मिलते भी नहीं? उस स्थिति में मरीज औने-पौने दामों में निजी अस्पतालों से रेबीज का टीका लगवाते हैं। बिना रेबीज टीका लगे मरीज बेमौत मर भी जाते हैं। कटखने कुत्तों के संबंध में जब पीड़ति नगर निगम के कार्यालयों में संपर्क करते हैं तो वहां से संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिलता। प्रेसर डालने पर वो प्राइवेट कुत्ता पकड़ने वाली एजेंसियों से बात करने की सलाह दे देते हैं। उनसे बात होती है तो वह मोटा चार्ज करते हैं। पैसे लेने के बाद वह कुत्ते को पकड़कर नसबंदी करके एकाध दिनों में फिर वहीं छोड़ जाते हैं। ये विकराल समस्या है जिसका बिना देर किए निदान होना चाहिए।

# ताकि भगदड़ के हादसों पर लग सके लगाम

उमेश चतुर्वेदी

**भगदड़ की घटनाओं को लेकर अपनी व्यवस्था कितना संजीदा है, इसी साल हुई घटनाओं से इसका अनुमान लगाया जा सकता है। साल 2025 में ही सात घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें आधिकारिक तौर पर 81 लोगों की जान जा चुकी है।**

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़ की सुर्खियों की स्याही अभी सूखी नहीं कि उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले से भी भगदड़ की खबर आ गई है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर देश तेजी से कदम बढ़ा रहा है। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का मतलब है कि तकनीक और सहूलियतों से देश लैस होता जा रहा है। इस संदर्भ में जब भगदड़ की घटनाएं सामने आती हैं तो आधुनिकता से कदमताल करने वाली ये छवियां दरकने लगती हैं। ऐसा नहीं कि देश का ध्यान इस विरोधाभास की ओर नहीं है। फिर भी ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। ऐसी घटनाएं जब भी होती हैं तो एहतियाती कदम उठाए जाने की प्रशासनिक तंत्र की ओर से घोषणाएं होती हैं। कुछ दिन में देश ऐसी घटनाओं को भुला देता है। अभी भूलने और भुलाने का यह खेल जारी ही रहता है कि कोई नई घटना आ जाती है और एहतियाती कदमों का ऐलान महज हवा-हवाई बनकर रह जाता है।

भगदड़ की घटनाओं को लेकर अपनी व्यवस्था कितना संजीदा है, इसी साल हुई घटनाओं से इसका अनुमान लगाया जा सकता है। साल 2025 में ही सात घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें आधिकारिक तौर पर 81 लोगों की जान जा चुकी है। जबकि सैकड़ों घायल हुए हैं। दिलचस्प यह है कि ये घटनाएं कुंभ जैसे भीड़भाड़ वाले सांस्कृतिक और पारंपरिक आयोजन में तो हुई हीं, राष्ट्रीय राजधानी के रेलवे स्टेशन से लेकर गोवा जैसे कम जनसंख्या वाले राज्य में भी घटीं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार नई सदी के बाइस साल में 23 बार भगदड़ मची, जिनमें करीब डेढ़ हजार लोगों को जान गंवानी पड़ी। इन घटनाओं में घायल लोगों में से कई दिव्यांग बन गए तो कई को ऐसा मानसिक आघात लगा कि उससे अभी तक उबर नहीं पाए हैं।

भगदड़ की घटनाओं के लिए नागरिक बोध की कमी को पहला कारण माना जाता है। लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि भगदड़ की ज्यादातर घटनाएं प्रशासनिक तंत्र की खामी की वजह से होती है। मसलन, 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर घटी घटना की वजह रेलवे अधिकारियों की सोच रही, जिन्होंने आनन-फानन में ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदल दिया और उसमें जगह पाने के लिए लोग दौड़ पड़े। दुनिया की बेहतर प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अधिकारियों का कल्पनाशील और अनुमानशील होना जरूरी माना जाता है। लेकिन भारतीय प्रशासनिक ढांचे इस कल्पनाशीलता की अक्सर कमी नजर आती है। उसे भावी संकटों और समस्याओं का अनुमान लगाने के लिए जरूरी सोच की कमी है। वह किसी समस्या का अंदाजा लगाकर उसे शुरू में रोकने और व्यवस्थित करने की बजाय आखिरी छोर पर निबटने की सोच से लगातार लैस रहता है। मेले-ठेले में जाने वाले लोगों की भीड़ को मेले में घुसने से पहले व्यवस्थित करने और उसे रोकने में भारतीय प्रशासनिक तंत्र की दिलचस्पी कम होती है, लेकिन जब मेले में भीड़ बढ़ जाती है तो मेले वाली जगह के दरवाजे पर वह अचानक से रोक लगा देता है। जबकि होना यह चाहिए कि मेले की ओर जान वाले रास्ते पर भीड़ को देखते हुए रोक लगा दी जाए। दरवाजे पर भीड़ को रोकने से मेले में भीड़ भले ही ना घुसे, लेकिन पीछे से आ रहे रेले पर रोक नहीं लग पाती। इससे बैरिकेट वाली जगह पर भीड़ का दबाव बढ़ जाता है। पीछे वाली भीड़ के दबाव के चलते एक वक्त ऐसा आता है कि बैरिकेट का कोई मतलब नहीं रह जाता। फिर रेला लोगों को धकियाते आगे बढ़ने लगता है। इस बीच कोई गिर गया तो पीछे वाले के पास ना तो इतना वक्त होता है कि वह समझ पाए ना ही इतनी क्षमता कि पीछे वाली भीड़ को रोक पाए। वह सामने गिरे व्यक्ति के शरीर की ओर अपना पैर बढ़ाने से रोक भी नहीं पाता। इसी दौरान गिरे हुए लोग दूसरे लोगों के पांवों से कुचलते चले जाते हैं। प्रयागराज की भगदड़ की भी वजह यही थी। भीड़ पीछे नहीं रोकी गई, स्नान केंद्र के पास रोकी गई। इसकी वजह से बैरिकेट पर दबाव बढ़ा और पीछे से आए रेला ने इसकी परवाह नहीं कि कौन गिरा है और किसके पेट, पीठ या सिर पर उसका पैर पड़ रहा है।

भगदड़ के बारे में एक अवधारणा रही है कि गरीब-गुरबा और अशिक्षित लोग ही इसके शिकार बनते हैं। लेकिन यह अधूरा सच है। यह सच है कि उत्तर भारत के मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ में ज्यादार निम्न मध्यम वर्ग के लोग होते हैं। उत्तर भारत में मंदिरों तक में वीआईपी संस्कृति का बोलबाला है। इसकी तुलना में दक्षिण भारतीय मंदिरों में वीआईपी संस्कृति कुछ कम है। हालांकि दक्षिण के भी कई मंदिरों में दर्शन की व्यवस्था में वीआईपी संस्कृति का तड़का रहता है। लेकिन तुलनात्मक रूप से उत्तर में यह संस्कृति ज्यादा है। इसलिए उत्तर के मंदिरों और धार्मिक मेले-ठेले में अनुशासनहीन भीड़ की बहुलता होती है। चूंकि प्रशासनिक तंत्र कल्पनाशीलता से उन्हें व्यवस्थित नहीं कर पाता, लिहाजा भगदड़ की दुर्भाग्यजनक घटनाएं हो जाती हैं।

इसमें दो राय नहीं कि भारत की एक बड़ी समस्या भारत की बड़ी जनसंख्या भी है। हालांकि आज की राजनीति का एक हिस्सा इसे समस्या नहीं मानती। क्योंकि उसका आधार वोट इसी भीड़तंत्र से ही विकसित होता है। भारत में एक बड़ी समस्या यह है कि भीड़ को अनुशासित करने का संस्कार और शिक्षण पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर नहीं है। इसकी वजह से मौका पाते ही हर व्यक्ति रसूख के साथ भीड़ से निकलना चाहता है या फिर अपना वर्चस्ववादी स्वभाव दिखाना चाहता है। प्रशासनिक तंत्र इस मानस के आगे कभी रसूख देख झुक जाता है तो कभी वह सोच भी नहीं पाता कि इसके नकारात्मक असर क्या-क्या हो सकते हैं। ऐसे में कई बार पिछड़ती हुई भीड़ अपना आपा भी खो देती है। भारत का एक बड़ा हिस्सा अरसे तक चूंकि गरीबी की मार झेलता रहा है, इसलिए उसके अवचेतन में कुछ पाने की चाह में दूसरों को पीछे छोड़ने की सोच हावी रहती है। इसमें अगर अफवाह अगर मिल जाती है तो हालात भयावह हो जाते हैं। कह सकते हैं कि संस्कार और सोच की कमी, व्यवस्था को सुचारू बनाने की जिम्मेदारी निभाने वाले तंत्र की कल्पनाहीनता और घनी जनसंख्या का कोलाज के सामने उनके बेपटरी होने की आशंका ज्यादा रहती है। ऐसा जब होता है तो हादसों के रूप में उसका भयावह नतीजा सामने आता है।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या ऐसी व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती कि देश के भीड़भाड़ वाले आयोजन बिना किसी भगदड़ या अव्यवस्था के संपन्न हो सकें। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक मुकम्मल नीति बनाने और उसे कड़ाई से लागू करने की जरूरत है। हमें पता है कि आज के दौर की हर कठिन राह को तकनीक नेआसान की है। इसने तमाम समस्याओं के समाधान की नई राहें भी निकाली हैं। नीतिगत स्तर पर प्रशासनिक तंत्र को तकनीक के इस्तेमाल के लिए तैयार किया जाना होगा। प्रशासनिक तंत्र को इसके लिए प्रशिक्षित किया जाना होगा कि तकनीक के इस्तेमाल से वे ठीक से पता लगा पाएं कि किस बिंदु पर भीड़ को रोका जाना चाहिए, कहां बैरिकेटिंग करके भीड़ को नियंत्रित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रशासनिक तंत्र की सोच में कल्पनाशीलता को बढ़ावा देने के लिए भी तैयार करना होगा। प्रशासनिक तंत्र समस्याओं का अनुमान लगाने वाला मानस विकसित कर सके, इसके लिए भी जरूरी इंतजाम करना होगा। इसके साथ ही, भीड़ को अनुशासित करने के लिए दो स्तरों पर काम करना होगा। स्कूली स्तर से ही इस दिशा में शिक्षा और संस्कार देना होगा। साथ ही, आम लोगों को पीछे छोड़ने या किनारे रखने वाली वीआईपी संस्कृति पर पूरी तरह रोक लगाना भी इस दिशा में बेहद जरूरी कदम होना चाहिए। इसके साथ ही अफवाहों पर लगाम लगाने के मुकम्मल इंतजाम होने चाहिए। तभी जाकर हम आने वाले दिनों में अपनी भीड़ को सुरक्षित और बेहतर आयोजन का उपहार दे पाएंगे।

# सफाई कर्मियों को भी चाहिए मौत के खतरों से आजादी

ओ पी सोनिक

स्वच्छ भारत अभियान के एक पखवाड़े में देश की राजधानी दिल्ली में कूड़े से आजादी का अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दिनों भी दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कारों का जश्न मनाया गया। यह लोगों में स्वच्छता के प्रति बढ़ती जागरूकता का ही परिणाम है कि स्वच्छता में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न शहरों को पुरस्कृत किया गया पर शहरों को साफ रखने में जुटे सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में उदासीनता क्यों नजर आती है। दिल्ली में पिछले महीने सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई करते हुए चार लोगों की मौत हो गयी।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में 120 से अधिक सीवर कर्मियों की मौतें हो चुकी हैं जो देश के विभिन्न शहरों की अपेक्षा सबसे ज्यादा हैं, यानी कि देश की राजधानी दिल्ली सीवर कर्मियों की मौतों के मामले में डैथ केपिटल बनती नजर आ रही है। दिल्ली उन टाप 10 राज्यों में भी शामिल है, जहाँ सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। देश के विभिन्न शहरों में हर साल दर्जनों सफाईकर्मी सीवर एवं सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान अपनी जान गंवा देते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश में एक हजार 3 सौ से अधिक सीवर कर्मियों की मौतें हो चुकी हैं।

उक्त मामलों में से एक हजार 160 मृतकों के परिवारों को ही मुआवजा मिल पाया और करीब 50 मामले मृतकों के वारिसों की अनुपलब्धता के कारण बंद कर दिए गए। गुजरात में सबसे ज्यादा मामले बंद किए गए। वर्ष 2014 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सीवर कर्मियों की मौत होने पर 10 लाख का मुआवजा अनिवार्य रूप से देने का फैसला सुनाया था। फिर भी सभी मृतकों के परिवारजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है। सीवर कर्मियों की मौतों के मामलों में तमिलनाडू, गुजरात, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र राजस्थान, पंजाब और पश्चिम बंगाल टाप 10 राज्यों में क्रमशः शामिल हैं। टाप 10 शहरों की बात करें तो, अन्य शहरों चैन्नई में 95, अहमदाबाद 76, बैंगलोर 51, कांचीपुरम 35, सूरत 33, त्रिवैल्लूर 32, गाजियाबाद 26, फरीदाबाद 25, और नोएडा में 21 मौतें हो चुकी हैं। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के आंकड़ों का मीडिया में प्रकाशित एवं प्रसारित मामलों से मिलान करने पर पता चला कि विभिन्न राज्यों में आंकड़ों की तस्वीर को संवारने के प्रयासों में अनेकों मामले दर्ज नहीं हो पाते। कुछ मामलों को अन्य अपराधों की श्रेणी में दर्ज कर सीवर में हुई मौतों की गंभीरता को हल्का कर दिया जाता है।

अगर सीवर कर्मियों की मौतों के मामलों को सही से दर्ज किया जाए तो आंकड़ों की तस्वीर और भी अधिक भयावह होगी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय उक्त मौतों के मामलों में समय-समय पर कड़े फैसले लेता रहा है। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भी सफाई कर्मियों की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी करते रहे हैं। दिशा-निर्देशों में सीवर की सफाई के लिए 40 से अधिक सुरक्षा उपकरणों की सूची जारी की गयी है। बावजूद इसके सफाई कर्मियों को बगैर सुरक्षा उपकरणों के सीवर में उतार दिया जाता है जिससे सीवर की जहरीली गैसों के कारण सफाई कर्मियों की मौत हो जाती है।

भारत में 2013 में मैनुअल स्कैवेंजिग को यानी हाथ से मैला ढ़ोने और बगैर सुरक्षा उपकरणों के सीवर की सफाई करने को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। आजाद भारत के सभी नागरिकों को अपनी पसंद का व्यवसाय चुनने की आजादी है पर भारत में सफाई कर्मियों का आंकड़ाई समाजशास्त्र पेशेगत आजादी के पैरों की बेड़ियां साबित हो रहा है। मसलन भारत में जो सफाई कर्मी सीवर में सफाई के लिए उतरते हैं, उनमें से करीब 90 फीसदी दलित वर्ग से आते हैं।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार नमस्ते योजना जुड़े करीब 70 फीसदी सफाई कर्मचारी अकेले दलित समुदाय से हैं। सरकारी नौकरियों में दलितों को 15 फीसदी आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान है जिसे कभी पूरा नहीं किया गया। ऐसे में उक्त कर्मचारियों में 70 फीसदी की भागीदारी अधिक चौंकाने वाली है। सफाई कर्मचारियों के प्रति सिस्टम की उदासीनता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आए दिन सीवर में हुई मौतें भी हमारे सिस्टम की सोई हुई संवेदनाओं को जगा नहीं पातीं। भारतीय मीडिया संबंधित खबरों को प्रकाशित-प्रसारित करके अपने हिस्से की जिम्मेदारी जरूर निभाता है पर जिस व्यवस्था के हाथों में सफाई कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है, वो सीवर कर्मियों की मौतों पर हर बार हाथ मलते रह जाती है और फिर मौतों का मंजर बदस्तूर जारी रहता है।

आगामी 15 अगस्त को पूरा देश आजादी का जश्न मनाने जा रहा है। सफाई कर्मियों खासतौर पर सीवर कर्मियों को भी आजादी की अनुभूति का पूरा हक है। विचार करना होगा कि पेशेगत जोखिमों से जूझ रहे सफाई कर्मियों को उक्त अनुभूति का कितना हक मिल पा रहा है। सदियों से जातिगत व्यवस्था ने इन्हें गंदगी भरे कार्यां से जोड़ कर अछूत करार दिया है। भले ही भारत ने संवैधानिक रूप से लोकतंत्र और समानता को स्वीकार कर लिया है पर समाज में दलित समुदाय की सामाजिक समानता की स्वीकार्यता आजादी के 78 वर्षों में भी सामाजिक विषमताओं की गिरफ्त में है। सवाल केवल सही नीतियों का नहीं बल्कि नेक नीयत का भी है। जब राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता अभियान यानी कि कूड़े से आजादी के अभियान चलाए जा सकते हैं जो कि जरूरी हैं तो सफाई कर्मियों खासतौर पर सीवर कर्मियों को मौत के खतरों से आजादी दिलाने के अभियान क्यों नहीं चलाए जा सकते।

# रक्षाबंधन — भावों की रेशम डोरी

अंगना में रंगोलियाँ बिछीं, गूंजे मंगल गीत,
(काव्यमयी प्रस्तुति)

श्रावण पूर्णिमा की बेला, संवरी धूप सुनहली सी,
बहनें लेकर थाल प्यार का, आईं देखो स्नेह भरी।
चांदनी-सी चुप दुआएँ, आँचल में सँजो लाईं,
एक धागे में बाँध हृदय, रक्षा की बात कहाईं।
राखी केवल रेशम नहीं, ये स्नेहिल स्पर्शों की बीज,
जिसमें लिपटी याद बचपन की, और मुस्कानों की रीत।
नयन कहें जो अधरों से, वो मौन भावों का शब्द,
कलाई पर बाँधा अपनापन, हृदयों का पावन व्रत।
भाई भी विनत नयन लिए, झुकता उस ऋण भार तले,
संघर्षों में भी मूक प्रण से, बहन की रक्षा का व्रत ले।
तेरा सुख हो प्रथम सदा, तेरी हर पीड़ा मेरी हो,
ये संकल्प मन के दीपों से, निस्वार्थ मन कहता हो।
अंगना में रंगोलियाँ बिछीं, गूंजे मंगल गीत,
रंग-बिरंगे वस्त्रों संग, बही प्रेम की प्रीत।
मिठाइयों में घुली मिठास, पर उससे अधिक मधुर



वो हौले से मुस्काना, और आँखों की हँसी भरपूर।
रक्षाबंधन का यह पर्व नहीं मात्र कोई परंपरा,
यह तो है भावना की भाषा, आत्मीयता की धारा।
यह सिखाए स्नेहिल बंधन, जो न बँधता शर्तों में,
रिश्ते वो हैं, जो गूँथे जाते, केवल भावनाओं से।

**डॉ. मुश्ताक अहमद**
**शाह सहज हरदा मध्य प्रदेश**

# परिजनों को बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखनी होगी

'हाल ही में देखने में आ रहा है कि शहर ही नहीं बल्कि गांव में भी छोटे बच्चे आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे हैं कई तरह की घटनाएं हो रही है जो समाजिक स्तर के लिए बहुत घातक है। हाल ही में इन्दौर एक परिवार में एक दर्दनाक घटना घटी उनका 13 वर्षीय एक मासूम बच्चे ने ऑनलाइन गेम फ्री फायर में पैसे हारने के बाद डर के कारण एक ऐसा कदम उठा लिया जो किसी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा। एक मासूम मुस्कान लिए उस खिलाते हुए बच्चे ने आत्महत्या कर ली। जब मां ने प्यार से पूछा, तो उसने जवाब देने की बजाय वह मानसिक दबाव में ऐसा कठोर व गलत कदम उठा लिया। कितनी गंभीर बात है कि एक और मोबाइल की स्क्रीन दूसरी ओर हमारी समाजिक व परिवारिक ताना-बाना ने अपने परिवार से दूरी बना रखी है। जिसके कारण छोटे छोटे बच्चे इस तरह का नाकारात्मक क़दम उठा लेते हैं। आज कल देखा जा रहा है कि परिजनों की खुली छूट का नतीजा इतना भयभीत करने वाला सामने आ रहा हैं, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि स्थिति बहुत ख़तरनाक हो चुकी है। अब समय ऐसा आ गया है कि परिजनों को अपने बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए।

अगर कुछ ग़लत कर रहे हैं तो पूर्ण रूप से शांति व संयम से विवेकपूर्ण तरीके से बच्चों के माता पिता उन से संवाद जरूर करें। माता पिता व परिजनों सभी को छोटे बच्चों से दोस्ती कर के बातचीत करनी चाहिए, जिससे वह राह नहीं भटके। उन्हें अकेला मत छोड़िए, शहरों की भागदौड़ भरी जिंदगी में शाम को दो पल अपने बच्चे व परिजनों के साथ बिताते। मिलजुलकर आपास एकजुटता के साथ एक समय सभी साथ एक साथ बेठकर कर भोजन करें। फ़ुरसत के पल उनके साथ बिताए जिससे उन्हें अकेलापन महसूस नहीं हो और वह मानसिक रूप से मजबूत बने। आज-कल इतने छोटे छोटे बच्चे खुद्खुशी जैसा गलत क़दम उठा रहे हैं। इस लिए हम सभी को सजग रहने की आवश्यकता भी है। अपने बच्चों के करीब रहकर ही हम उनके मानसिक स्वास्थ्य का परीक्षण कर सकते हैं। ऐसे खिलते हुए नन्हे सुमन का अल्प समय में दुनिया से बिदा होना समाजिक स्तर का गिराता हुआ ग्राफ़ सामने आ रहा है। अब नहीं जागेंगे तो बहुत देर हो जायेगी।

*प्रेषक - स्वतंत्र लेखक हरिहर सिंह चौहान*
*जबरी बाग़ नसिया इन्दौर मध्यप्रदेश*

# पश्चिम के आगे झुकने का युग समाप्त, ट्रंप की धमकी पर भारी पड़ेगी मोदी की कूटनीति

नीरज कुमार दुबे

प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह चुनौती केवल बाहरी नहीं है। देश के भीतर कांग्रेस जैसे विपक्षी दल उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निकटता पर तंज कस रहे हैं। "माई फ्रेंड डोनाल्ड" जैसे वाक्य अब राजनीतिक व्यंग्य बन चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक जटिल कूटनीतिक और राजनीतिक परिस्थिति का सामना कर रहे हैं। एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए शुल्क बढ़ाने और दंडात्मक कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी भारत-रूस ऊर्जा साझेदारी को मजबूती से बनाए रखना चाहते हैं। इसके पीछे सिर्फ आर्थिक कारण नहीं, बल्कि एक व्यापक भू-राजनीतिक संदेश भी है कि पश्चिम के सामने झुकने का युग अब समाप्त हो चुका है।

देखा जाये तो मोदी सरकार वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बनकर उभरी है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और नैतिक उपदेशों के बावजूद भारत ने रूस के साथ अपने हितों को स्वतंत्र रूप से साधने की नीति अपनाई। यह वही "रणनीतिक स्वायत्तता" है, जिसकी बात भारत दशकों से करता आया है, पर जिसे आज व्यवहार में लाने का साहस शायद पहली बार किसी सरकार ने इस हद तक दिखाया है।

प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह चुनौती केवल बाहरी नहीं है। देश के भीतर कांग्रेस जैसे विपक्षी दल उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निकटता पर तंज कस रहे हैं। "माई फ्रेंड डोनाल्ड" जैसे वाक्य अब राजनीतिक व्यंग्य बन चुके हैं। कांग्रेस यह सवाल उठा रही है कि अगर अमेरिका से घनिष्ठता इतनी ही प्रभावशाली थी, तो भारत को टैरिफ धमकी क्यों झेलनी पड़ रही है? देखा जाये तो यह आलोचना राजनीतिक रूप से स्वाभाविक है, पर इसमें कूटनीतिक यथार्थ की गहराई को नजरअंदाज किया जा रहा है। भारत आज आर्थिक, सामरिक और राजनीतिक दृष्टि से एक उभरती शक्ति है और ऐसे में विश्व के साथ उसकी मोल-भाव करने की शैली भी बदली है। मोदी जिस भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वह न केवल अपने हितों की रक्षा करना जानता है, बल्कि विकल्पों का निर्माण भी कर रहा है— जैसे BRICS+ का मंच, ऊर्जा विविधता की दिशा में कदम और नए व्यापारिक सहयोग।

इसके अलावा, "मोदी है तो मुमकिन है" सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि इस समय एक परीक्षण की कसौटी बन चुका है। प्रधानमंत्री को अब यह साबित करना है कि वह पश्चिम के दबाव को संतुलित करते हुए, रूस से रिश्ते बनाए रखते हुए और विपक्ष की आलोचनाओं को दरकिनार करते हुए भारत को एक स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेता के रूप में उभार सकते हैं।



देखा जाये तो इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए मोदी को तीन स्तरों पर निर्णायक पहल करनी होगी- 1. अमेरिका के साथ संवाद बनाए रखते हुए, ट्रेड वार को टालना होगा और भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की स्पष्ट पैरवी करनी होगी। 2. घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना होगा ताकि आयात और शुल्क जैसे हथियारों का असर सीमित हो और ऊर्जा आपूर्ति में विविधता भी लानी होगी। 3. आंतरिक एकता और विपक्ष के प्रहारों का उत्तर तथ्यों और नीतिगत पारदर्शिता से देना होगा, ताकि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि दिखाई दे।

देखा जाये तो यह वह घड़ी है जब प्रधानमंत्री मोदी को नेतृत्व के अपने सबसे कठिन अध्याय में प्रवेश करना पड़ा है। लेकिन यदि वे इस दौर को सफलता से पार कर जाते हैं, तो यह केवल उनकी नहीं, बल्कि एक नए भारत की विजय होगी— जो दबाव में नहीं झुकता, हितों की रक्षा करता है और दुनिया को सम्मान के साथ संवाद करना सिखाता है। और तब शायद 'मोदी है तो मुमकिन है' सिर्फ चुनावी नारा नहीं, अंतरराष्ट्रीय राजनीति का यथार्थ भी बन जाएगा।

जहां तक ताजा घटनाक्रमों की बात है तो आपको बता दें कि भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद पर अमेरिका और यूरोपीय संघ की आलोचना को सख्ती से खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किये गए वक्तव्य में साफ तौर पर कहा गया है कि रूस से आयात ऊर्जा की कीमतों में स्थिरता को बनाये रखने के लिए उठाया गया कदम है। विदेश मंत्रालय ने यह भी उजागर किया है कि अमेरिका और यूरोप स्वयं अभी भी रूस से उर्वरक, खनिज, रसायन, यूरेनियम और एलएनजी जैसी सामग्रियों का भारी व्यापार कर रहे हैं। भारत का यह तर्क एकदम सही है कि जब तक अमेरिका और यूरोपीय संघ स्वयं रूस के साथ व्यापार संबंध समाप्त नहीं करते, तब तक भारत को नैतिकता के कठघरे में खड़ा करना न केवल दोहरा मापदंड है, बल्कि 'अनुचित और अविवेकपूर्ण' भी।

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर शुल्क बढ़ाने और रूसी तेल की खरीद पर दंडात्मक कार्रवाई की धमकी को विशेषज्ञ अमेरिका की घरेलू राजनीति और आगामी चुनावों से जोड़कर देख रहे हैं। हम आपको बता दें कि ट्रंप ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे ऊँचे दामों में बेचकर लाभ कमा रहा है, साथ ही यूक्रेन युद्ध में नैतिक दृष्टिकोण नहीं अपना रहा। किंतु यह आरोप राजनीतिक बयानबाज़ी अधिक लगता है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में पुनः बिक्री और रिफाइनिंग एक सामान्य प्रक्रिया है, जिसे कई देश अपनाते हैं। देखा जाये तो ट्रंप द्वारा शुल्क बढ़ाने की घोषणा एक तरफ भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को प्रभावित करने का प्रयास है, तो दूसरी ओर इसे अमेरिका के कृषि और डेयरी उद्योग के समर्थन में लॉबिंग के रूप में भी देखा जा सकता है।

वहीं, रूस ने इस पूरे घटनाक्रम को अमेरिका की 'नव-उपनिवेशवादी' नीति का उदाहरण बताया है। क्रेमलिन का यह दावा कि अमेरिका अपने प्रभुत्व को बनाए रखने के लिए ग्लोबल साउथ पर आर्थिक दबाव बना रहा है, इस बात की पुष्टि करता है कि रूस अमेरिका की एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था को चुनौती देना चाहता है।

बहरहाल, भारत जिस रणनीतिक स्वायत्तता की बात करता आया है, उसका असली परीक्षण ऐसे ही समय में होता है जब उसे पश्चिमी दबावों, वैश्विक व्यापारिक हितों और घरेलू राजनीतिक आलोचनाओं के बीच संतुलन साधना हो। अमेरिका और यूरोपीय देशों को समझना होगा कि रूस से तेल खरीद केवल व्यापारिक सौदा नहीं, बल्कि भारत की एक आत्मनिर्भर और व्यावहारिक विदेश नीति का प्रतीक भी है।

-नीरज कुमार दुबे

# स्टारलिंक: भारत की डिजिटल सीमा को पार करता युगांतकारी कदम

भारत की डिजिटल सरहदों पर एक नई सुबह दस्तक दे रही है, जो हर गांव, हर घर और हर सपने को इंटरनेट की असीम संभावनाओं से का संकल्प लेती है। स्टारलिंक की सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा को भारत में लाइसेंस मिलना एक ऐसी क्रांति का आगाज है, जो डिजिटल युग की नई ऊंचाइयों तक ले जाने को तैयार है। 25 से 220 Mbps की गति से इंटरनेट प्रदान करने वाली यह सेवा उन सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचने का दृढ़ निश्चय करती है, जहां कनेक्टिविटी आज भी एक दूर का सपना है। यह कदम न केवल तकनीकी प्रगति का प्रतीक है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक अवसरों के नए द्वार खोलकर करोड़ों भारतीयों के जीवन को सशक्त बनाने का एक प्रेरणादायी वादा भी है।

भारत में इंटरनेट की वर्तमान स्थिति को समझने के लिए आंकड़े महत्वपूर्ण हैं। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) के 2023 के आंकड़ों के अनुसार, देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या करीब 88 करोड़ है, लेकिन इनमें से 60% से अधिक शहरी क्षेत्रों तक सीमित हैं। ग्रामीण भारत, जहां देश की 65% आबादी निवास करती है, में इंटरनेट पहुंच केवल 37% है, और उपलब्ध कनेक्टिविटी की गति व गुणवत्ता अक्सर अपर्याप्त होती है। पारंपरिक ब्रॉडबैंड सेवाएं, जैसे फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क, भौगोलिक और आर्थिक बाधाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तार नहीं कर पातीं। स्टारलिंक की सैटेलाइट-आधारित अत्याधुनिक तकनीक इस डिजिटल विभाजन को समाप्त करने का एक शक्तिशाली समाधान प्रस्तुत करती है, जो पहाड़ों, घने जंगलों और सुदूर गांवों में भी निर्बाध, उच्च गति का इंटरनेट प्रदान कर सकती है, और इस तरह समावेशी डिजिटल क्रांति का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

स्टारलिंक की मासिक सेवा लागत 3,000 से 4,200 रुपये के बीच होगी, जो उपयोग और स्थान के आधार पर निर्धारित होगी। इसके अतिरिक्त, हार्डवेयर किट, जिसमें डिश और राउटर शामिल हैं, की कीमत लगभग 33,000 रुपये हो सकती है। यह लागत ग्रामीण भारत के लिए प्रारंभ में चुनौतीपूर्ण हो सकती है, जहां 2019 के एनएसएसओ आंकड़ों के अनुसार औसत मासिक प्रति व्यक्ति आय केवल 1,600 रुपये थी। फिर भी, स्टारलिंक का उद्देश्य उन दुर्गम क्षेत्रों को जोड़ना है, जहां इंटरनेट पहुंच लगभग नगण्य है। उदाहरण के लिए, उत्तराखंड के दुर्गम पहाड़ी गांवों या पूर्वोत्तर के घने जंगलों में, जहां फाइबर केबल बिछाना असंभव है, स्टारलिंक की लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट्स 20-40 मिलीसेकंड की कम विलंबता के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट प्रदान कर सकती हैं। यह अत्याधुनिक तकनीक ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन और स्थानीय व्यवसायों के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंचने के अभूतपूर्व अवसर खोलेगी, जिससे डिजिटल समावेशिता और आर्थिक सशक्तीकरण का एक नया युग शुरू होगा।

देश की दो प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों के साथ स्टारलिंक की साझेदारी इस पहल को और अधिक प्रभावी बनाती है। यह सहयोग न केवल हार्डवेयर किट के वितरण को सुगम बनाएगा, बल्कि मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर के उपयोग से सेवा को तेजी से लागू करने में भी मदद करेगा। ये टेलीकॉम दिग्गज, जो पहले से ही 4G और 5G सेवाओं में अग्रणी हैं, स्टारलिंक को भारतीय बाजार की जटिलताओं और नियामक आवश्यकताओं को समझने में सहायता प्रदान करेंगे। यह रणनीतिक गठजोड़ भारत के प्रतिस्पर्धी टेलीकॉम बाजार में स्टारलिंक को स्थापित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।




हालांकि, चुनौतियां भी कम नहीं हैं। स्टारलिंक की सेवा को शुरुआत में 20 लाख उपयोगकर्ताओं तक सीमित रखने की योजना भारत जैसे विशाल बाजार में मांग को पूरा करने में अपर्याप्त हो सकती है। इसके अलावा, लागत का मुद्दा ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए बाधा बन सकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए स्टारलिंक सामुदायिक कनेक्टिविटी मॉडल अपना सकता है, जहां एक डिश और कनेक्शन को गांव की पंचायत, स्कूल या छोटे व्यवसायों के बीच साझा किया जाए। इससे लागत बंटेगी और अधिक लोग इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे। वैश्विक स्तर पर, स्टारलिंक ने ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में इस मॉडल को सफलतापूर्वक लागू किया है, जहां सामुदायिक कनेक्टिविटी ने लागत को किफायती बनाया है।

तकनीकी दृष्टिकोण से, स्टारलिंक की एलईओ सैटेलाइट्स पारंपरिक जियोस्टेशनरी सैटेलाइट्स से कहीं अधिक प्रभावी हैं। ग्लोबल डेटा के अनुसार, ये सैटेलाइट्स 550 किमी की ऊंचाई पर चक्कर लगाते हैं, जिससे कम विलंबता और उच्च गति संभव होती है। यह रीयल-टाइम एप्लिकेशनों जैसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल भुगतान के लिए आदर्श है। भारत में, जहां डिजिटल इंडिया पहल के तहत 2025 तक सभी गांवों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, स्टारलिंक इस दिशा में एक ताकतवर सहयोगी बन सकता है। विशेष रूप से, कोविड-19 महामारी के बाद ऑनलाइन शिक्षा और टेलीमेडिसिन की मांग में भारी उछाल आया है। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब कनेक्टिविटी के कारण लाखों छात्र और मरीज इन सेवाओं से वंचित रहे। स्टारलिंक इस डिजिटल विभाजन को पाटने का वादा करता है।

फिर भी, स्टारलिंक को भारत की नियामक और सांस्कृतिक जटिलताओं का सामना करना होगा। डेटा गोपनीयता और साइबर सुरक्षा के मुद्दे भारत में अत्यंत संवेदनशील हैं। हाल के वर्षों में, सरकार ने डेटा संरक्षण के लिए सख्त नियम लागू किए हैं, और स्टारलिंक को इनका कड़ाई से पालन करना होगा। इसके अलावा, स्थानीय टेलीकॉम कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा भी एक चुनौती होगी, क्योंकि ये कंपनियां पहले से ही सस्ती और व्यापक 4G और 5G सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

स्टारलिंक का भारत में आगमन एक ऐसी डिजिटल क्रांति का शुभारंभ है, जो समावेशिता के सपने को हकीकत में बदल सकती है। यह ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी की चुनौतियों को दूर करने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास को अभूतपूर्व गति प्रदान करेगा। यदि स्टारलिंक अपनी अत्याधुनिक तकनीक, रणनीतिक साझेदारियों और स्थानीय आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता का प्रभावी उपयोग करता है, तो यह भारत के डिजिटल भविष्य को एक नई ऊंचाई दे सकता है, जहां हर नागरिक डिजिटल दुनिया का अभिन्न अंग बन सकेगा।

*प्रो. आरके जैन "अरिजीत", बड़वानी (मप्र)*

# कांग्रेस का कभी गढ़ रहा चाईबासा के कोर्ट में जमानत लेने पहुंचे राहुल गांधी

जगन्नाथ पुर विधायक सोनाराम सिंकू व जिला अध्यक्ष चंद्र शेखर दास बने जमानत दार

**कार्तिक कुमार परिच्छा, स्टेट हेड -झारखंड**







**चाईबासा** , कभी कांग्रेस का गढ़ रहा चाईबासा जहां साठ दशक के अन्तिम दौर 1967-68 में स्वयं आईरन लेडी इंदिरा गांधी के आगमन पर बागुन सुम्बरूई उनके खिलाफ स्वर मुखरित कर तब नेता बने थे ।आप वही नेता रहे है जो विभिन्न दलों में 9 बार इसी जिले से सांसद विधायक यहां तक कि झारखंड में विधानसभा उपाध्यक्ष रहे है। इस जिले से दुसरे शख्स एक बार निर्दलीय फिर तीन बार कांग्रेस के टिकट से 1980से 1985 तक बिहार विधानसभा में विधायक बने । इतना ही नहीं बिहार विधानसभा में उपाध्यक्ष, ओटोनोमस काउंसिल अध्यक्ष तक बनने वाले देवेंद्र नाथ चांपिया आज राहुल गांधी से मिलने सर्किट हाउस पहुंचे थे । जिन्हे राहुल गांधी ने सर झुकाए प्रणाम मुद्रा में दिखे । उसके कलावे विजय सिंह सोय भी इसी सिंहभूम से सांसद रहे ।

परन्तु चाईबासा मुख्यालय कोर्ट में आज देश के एक सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अमित शाह से जुड़े 2018 के एक मानहानि केस में दिल्ली से आकर यहां जमानत लेनी पड़ी ।

झारखंड के चाईबासा एमपी एम एल ए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी ।बीजेपी नेता प्रताप कटिहार ने राहुल गांधी के खिलाफ इस मानहानि का मुकदमा दायर कर रखा था। राहुल गांधी ने कांग्रेस अधिवेशन में अमित शाह के खिलाफ जो बयान दिया था उसी पर इसी चाईबासा के भाजपा प्रताप कटियार ने जो मामला दर्ज कराया था तथा उसपर गैर जमानती वारेंट निर्गत हुआ था ।

यह केस पहले चाईबासा सीजेएम कोर्ट से रांची के एम पी एम एल ए स्पेशल कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था । लेकिन साल 2021 में चाईबासा में एमपी-एमएलए कोर्ट स्थापित होने के बाद केस को दोबारा चाईबासा भेजा गया ।

आज राहुल गांधी सुबह 10 बजकर 57 मिनट पर कोर्ट परिसर में पहुंचे और 11 बजे सुप्रिया रानी तिग्गा की कोर्ट में पेश हुए। लगभग 20 मिनट की कार्यवाही के बाद वे कोर्ट से बाहर निकल गए। उनकी जमानत जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकु और जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रशेखर दास ने ली। वहीं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पहचानकर्ता की भूमिका निभाई ।

# सरायकेला तथा चाईबासा जिले के सीमावर्ती इलाके में पुन: 44 किलो विस्फोटक बरामद





**कार्तिक कुमार परिच्छा, स्टेट हेड -झारखंड**

**सरायकेला,** प्रतिबंधित नक्सली संगठन उग्रवादियों द्वारा सरायकेला खरसावां के कुचाई थाना के दलभंगा ओ0पी0 अन्तर्गत चाईबासा जिला एवं सरायकेला-खरसावॉ जिला के सीमा के पहाड़ी क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के विरूद्ध उनका अभियान रोकने के उद्देश्य से जारी अभियान के तहत सरायकेला एस पी मुकेश लुनायत को जानकारी मिली की वहां कुछ वर्ष पूर्व गोला-बारूद छिपाकर रखा गया है। जिसके आलोक में सरायकेला-खरसावॉ पुलिस के साथ चाईबासा पुलिस, झारखण्ड जगुआर, सी0आर0पी0एफ0 एवं एस0एस0बी0 का एक संयुक्त अभियान का गठन करते हुए बुधवार को कुचाई थाना के दलभंगा ओ0पी0 अन्तर्गत चाईबासा जिला एवं सरायकेला-खरसावॉ जिला के सीमा के आस-पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। संयुक्त अभियान दल द्वारा अग्रतर सर्च अभियान के दौरान कुचाई थाना के दलभंगा ओ0पी0 अन्तर्गत चाईबासा जिला एवं सरायकेला-खरसावॉ जिला सीमा के पहाड़ी क्षेत्रों में नक्सलियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गये नीला रंग के प्लास्टिक कन्टेनर में रखा हुआ (1) केन आई0डी0-15 (प्रत्येक केन में 1.5 कि0ग्रा0) =22.5 किलो , (2) केन आई0डी0-15 (प्रत्येक केन में 1.00 कि0ग्रा0)= 15 किलो ,(3) केन आई0डी0-14 (प्रत्येक केन में 500 ग्रा0)=7 किलो । कुल-44.5 कि0ग्रा0 आई0डी0 बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है।

अभियान दल में सरायकेला-खरसावॉ पुलिस,चाईबासा पुलिस ,झारखण्ड जगुआर।, 0आर0पी0एफ0, एस0एस0ब सामिल रहे ।

# महिला को खाना देने के लिए बुलाया, डिलीवरी बॉय ने आते ही जान से मारने की धमकी दी

**मनोरंजन सासमल , बरिष्ठ पत्रकार**

**भूबनेश्वर** : उसने खाने का एक पार्सल देने के लिए फ़ोन किया। लेकिन पार्सल के बारे में कुछ भी न जानने वाली महिला ने उसे बता दिया। बार-बार फ़ोन करने के बाद, महिला उस पते पर पहुँची और डिलीवरी बॉय से मिली। लेकिन डिलीवरी बॉय ने उसे गंदी नज़र से देखा और धमकी दी कि पार्सल ले लो और उसे खा जाओ। वरना जान से मार डालेगा ।महिला ने जब उक्त पार्सल खोला तो उसमें खाना नहीं बल्कि एक चाकू था। यह देखकर महिला हैरान रह गई। निकोपार्क के पास शबरसाही में भी ऐसी ही एक घटना घटी है। साहिर की अनुपमा नायक ने शहीदनगर थाने में इसकी सूचना दी है।

शिकायत के अनुसार, 1 तारीख की रात अनुपमा घर पर थी। उसी समय विकास प्रधान नाम के एक युवक ने उसे फोन किया और खुद को एक फूड डिलीवरी कंपनी का डिलीवरी बॉय बताया। उसने कहा कि उसके नाम से खाना आया है। हालाँकि, जब अनुपमा ने कहा कि उसने कोई खाना ऑर्डर नहीं किया है, तो विकास ने उसे जबरन पार्सल ले जाने के लिए कहा। बाद में, अनुपमा को मजबूरन पार्सल लाना पड़ा और उसने पाया कि उसमें एक चाकू था। जब अनुपमा ने विरोध किया, तो विकास ने उसके साथ अभद्र भाषा में दुर्व्यवहार किया। घटना के एक दिन बाद, अनुपमा घर लौट रही थी। उसी समय एक अज्ञात युवक आया और अनुपमा के साथ मारपीट की। उसने पुलिस को बताया कि उसकी जान को खतरा हो सकता है। इसलिए, चाकू किसने भेजा और धमकी के पीछे क्या मकसद था, अनुपमा को इसके बारे में कुछ नहीं पता। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।




# मेरे संघर्ष की कहानी, गुरुजनों की शिक्षा, परिवार का प्रेम और साथ....

जीवन यात्रा में जब संघर्षों की बात आती है, तो गुरुजन और परिवार का साथ वह अनमोल धरोहर बन जाता है, जिसकी छाया में हर चुनौती आसान लगती है। मेरे जीवन के हर मोड़ पर — स्कूल, कॉलेज, या नौकरी जहां कहीं भी कठिनाइयाँ आईं, वहां मेरे गुरुजनों की शिक्षाएँ और अपनों का साथ मेरी शक्ति बनी रही।

**गुरुजन का मार्दर्शन, प्रेरणा की अखंड ज्योति**

मेरे शिक्षक और मार्गदर्शक,₹सह पाठी₹ और अन्य गुरुजन ,मेरे जीवन के पथ-प्रदर्शक रहे हैं। उनकी दी हुई शिक्षाएँ आज भी मेरी स्मृतियों में उतनी ही ताजा हैं। उन्होंने सिर्फ किताबों की बात नहीं सिखाई, बल्कि जीवन के मूल्यः दृढ़ निश्चय, ईमानदारी और मानवता का पाठ पढ़ाया। कठिन परिस्थितियों में जब कभी मैं डगमगाया, तो उनके शब्द मुझे फिर से संभाल गए। वह अनुशासन, श्रम और आत्म-विश्वास जो उन्होंने मेरे भीतर बोया, आज भी हर उपलब्धि की नींव है।

**माँ-पिता का प्यार,अटूट सहारा**

मेरे माता-पिता का बिना शर्त स्नेह और विश्वास सबसे बड़ा सहारा रहे। आर्थिक और सामाजिक समस्याओं के बावजूद उनका समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण मेरी ऊर्जा बने। जब कभी मैं असफल हुआ या थक गया, तो माँ के प्यारभरे शब्द और पिता की सलाह ने मुझे फिर से आगे बढ़ने का साहस दिया।

**भाई-बहनों का साथ,साझेदारी का अद्भुत संबंध,**

परिवार के हर सदस्य का स्नेह, भाई-बहनों के साथ बिताया बचपन, साझा संघर्ष, ये यादें मेरी आत्मा में रच-बस गई हैं। कभी छोटे-छोटे झगड़े, तो कभी एक-दूसरे के लिए सपनों का साथ बन जाना, उन पलों को भुलाया नहीं जा सकता। हम सबने साझा जीवन-संघर्ष से बहुत कुछ सीखा, मिलजुलकर हर कठिनाई को पार किया।

**जीवन की सच्ची विरासत,**

आज जब भी अतीत के पन्ने पलटता हूँ, तो महसूस करता हूँ ,गुरुजनों की शिक्षा, परिवार का प्रेम और साथ, यही मेरी असली दौलत हैं। संघर्षों की राह में यह धरोहर मेरी ताकत बनी, मेरी सोच को दिशा दी और हर मुश्किल में उम्मीद की किरण बनी। परिवार और गुरुजनों से मिली सीख और प्रेम के बिना मंज़िल अधूरी है। जीवन की सबसे गहरी जड़ें वहीं हैं,और यही मेरी सबसे अनमोल विरासत है। मेरी कामयाबी के हर कदम के पीछे, इन सभी की प्रेरणा, आशीर्वाद और साथ सदा मौजूद है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता, बल्कि हृदय में हमेशा अमिट बना रहेगा।

*डॉ. मुश्ताक अहमद शाह*

# राधा कृष्ण को कराई सावन की सैर ...

**जगदीश सीरवी** । मेडचल एल्मपेट स्थित श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर नन्दीशाला में 6 अगस्त बुधवार सावन शुक्लपक्ष द्वादशी तिथि पर देव भूमि उत्तराखंड की माताएं- बहनों ने आज मेडचल हैदराबाद में श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर परिसर में श्री राधा कृष्ण युगल सरकार को सावन की सैर करवाई ( सावन के महीने में ₹सैर₹ का मतलब है, इस दौरान धार्मिक स्थलों, खासकर शिव मंदिरों और प्राकृतिक सुंदरता वाले स्थानों पर जाना और दैवी कार्यों में भाग लेना। सावन, भगवान शिव को और भादौ श्री राधा कृष्ण को समर्पित एक पवित्र महीना है ) श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर मेडचल में दोनों देवी देवताओं को मनाने आज का कार्यक्रम रहा । इस पावन अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड सेवा संस्थान की महिला अध्यक्षा दीप्ति रावत के अनुसार उत्तराखंड की माताओं बहनों के अलावा भी राजस्थानी और उत्तर भारती माताओं बहनों ने बड़ी संख्या श्री राधा कृष्ण के झुला झूलन महोत्सव में में भाग लिया । सभी बहने ने सामूहिक सम्पूर्ण रुद्राभिषेक भी करवाया और गौ सेवा नंदी सेवा कर पुण्य लाभ लिया ।





मध्याह्न 11 बजे से श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर प्रांगण में स्थित श्री रुद्रनाथ शिव मंदिर में सभी माताओं बहनों ने 1 बजे तक दिव्य भजन कीर्तन किए और महाप्रसाद का सबने आनंद लिया ...

# जल्द ही 1635 नए राजस्व गांवों की सीमाएं बदली जाएंगी, राजस्व विभाग ने जारी की एसओपी



**मनोरंजन सासमल , बरिष्ठ पत्रकार**

**भुबनेश्वर** : नए रजस्वा गाँवों की सीमाओं में जल्द ही बदलाव होगा। राजस्व विभाग ने 1635 नए रजस्वा गाँवों की सीमाओं में बदलाव के संबंध में विशेष निर्देश जारी किए हैं। मानचित्र परिवर्तन के लिए सर्वेक्षण निदेशक, जिला कलेक्टर और आरडीसी को पत्र। पुराने रजस्वा गाँवों के अभिलेखों में मिलावट न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश ।राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने पत्र में लिखा, ₹लंबे समय से नए राजस्व गांवों और उनकी सीमाओं के पुनर्निर्धारण की मांग की जा रही थी। जिला कलेक्टर और बंदोबस्त अधिकारी की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने 1635 राजस्व गांवों को मंजूरी दी है। राजस्व गांवों को विभाजित करके दो अलग-अलग गांवों के लिए नए भू-अभिलेख तैयार किए जाएं। जिसमें प्रत्येक राजस्व गांव के नए खाते और भूखंड की जानकारी होनी चाहिए। एसीएस ने निर्देश दिए हैं कि नए राजस्व गांवों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण करते समय पुराने राजस्व गांवों के अभिलेखों को न मिलाया जाए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक संजय कुमार बाटला द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी–18,19,20 सेक्टर 59, नोएडा (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं 3, प्रियदर्शनी अपार्टमेंट ए–4, पश्चिमी विहार, नई दिल्ली– 110063 से प्रकाशित। सम्पर्क : 9212122095, 9811902095. newstransportvishesh@gmail.com
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी) किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली के न्यायालय के अधीन होंगे। RNI No :- DELHIN/2023/86499. DCP Licensing Number F.2 (P-2) Press/2023